Discover your divinity with us
A/C Showroom
ज्ञान गंगा ॐ मूर्ति माला केन्द्र
उजाला भवन स्टेशन रोड, दुर्ग
0788-4030383, 3293199
भगवान के वस्त्र, श्रृंगार मूर्तियां एवं समस्त पूजन सामग्री संगमरमर व पीतल की मूर्तियां राशि रत्न एवं उपरत्न उपलब्ध

राष्ट्र एवं राज्य के प्रगति पथ पर...

रायपुर एवं दुर्ग से प्रकाशित

# समय दर्शन

ESTD : Since 2011

संस्थापक : स्व. श्रीमती निलिमा खड़तकर

निष्पक्ष निर्भीक खबरों के साथ

श्री
दुर्ग शहर में सुप्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य
माँ दुर्गा उपासक मां बगुलामुखी, माँ कामख्या, माँ भद्रकाली, माँ शतचंडी की असीम कृपा साधना द्वारा समस्त समस्याओं का मार्ग दर्शन हेतु
पं. एम.पी. शर्मा/
मो. 8109922001
फीस 251/- मात्र
पताः- श्री दुर्गा ज्योतिष कार्यालय सिकोला भाठा, सब्जी मार्केट के सामने, धमधा नाका, दुर्ग

वर्ष 06, अंक 182 पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रूपये रायपुर, बुधवार 07 अगस्त 2024 www.samaydarshan.in

## संक्षिप्त समाचार

### बैलेट पेपर से हो सकता है नगरीय निकाय चुनाव

**रायपुर ।** छत्तीसगढ़ में नवंबर-दिसंबर में होने वाले नगरीय निकाय चुनाव में बैलेट पेपर से ही मतदान होगा। विधानसभा-लोकसभा चुनाव ईवीएम से संपन्न हुए थे। मगर निकाय चुनाव में नियमों के पेंच के कारण बैलेट पेपर का इस्तेमाल किया जाएगा। दरअसल, राज्य सरकार ने अभी तक नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 और छत्तीसगढ़ नगर पालिका अधिनियम 1961 में बदलाव नहीं किया है। ईवीएम से चुनाव के लिए विधानसभा में अधिनियम के संशोधन का प्रस्ताव पारित कराना आवश्यक है। पिछली बार कांग्रेस की भूपेश बघेल सरकार ने नगरीय निकाय अधिनियम में बदलाव करके बैलेट पेपर से चुनाव कराया था। इसके पहले डा. रमन सिंह की भाजपा सरकार में ईवीएम से नगर निगमों में चुनाव कराए गए थे। ऐसे में इस बार भी नियम बदले नहीं गए तो बैलेट पेपर से ही चुनाव होगा। प्रत्यक्ष महापौर के चयन में भी संशोधन का रोड़ा। प्रत्यक्ष रूप से महापौर के चुनाव कराने के लिए भी अधिनियम में संशोधन की जरूरत पड़ेगी। अविभाजित मध्यप्रदेश में 1999 में कांग्रेस की दिग्विजय सिंह सरकार ने राज्य में महापौर चुनने का अधिकार पार्षदों से छीनकर जनता के हाथ में दिया था। तब नगर निगम रायपुर में तरुण चटर्जी पहले महापौर बने थे। वह 2000 से 2003 तक महापौर रहे। इसके बाद 2004 के चुनाव में भाजपा के सुनील सोनी चुनकर आए।

### पांच मजिस्टेट को मिला विशेषाधिकार

**रायपुर ।** एक जुलाई से देशभर में लागू नए कानून के अनुसार पुलिस थानों में मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नए कानून के तहत थानों से अदालतों में पहुंचने वाले मुकदमों की सुनवाई अब नवीन प्रावधानों के तहत की जा रही है। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल बलराम प्रसाद ने इस संदर्भ में अधिसूचना जारी की है, जिसमें बिलासपुर जिला न्यायालय के पांच न्यायिक मजिस्ट्रेटों को मुकदमा चलाने का अधिकार दिया गया है। जारी अधिसूचना में कहा गया है कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 283 की उपधारा (1) के खंड बी के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए।

## बांग्लादेश में नहीं थम रही हिंसा

# अवामीलीग के नेता के होटल में 24 लोगों को जिंदा जलाया

ढाका। एजेंसी

बांग्लादेश में रविवार को फिर से शुरू हुई हिंसा मंगलवार को भी जारी है। बांग्लादेश में एक इंडोनेशियाई नागरिक सहित कम से कम 24 लोगों को भीड़ ने जिंदा जला दिया। बांग्लादेश में हिंसा के बाद से ही लोग अवामी लीग पार्टी के एक नेता के होटल में रुके हुए थे। यह घटना ऐसे समय हुई जब पार्टी की नेता शेख हसीना प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने के बाद देश छोड़कर चली गईं हैं। स्थानीय पत्रकारों और अस्पताल सूत्रों ने मंगलवार को जानकारी दी कि सोमवार को रात करीब 1 बजे के बाद अज्ञात लोग आए और होटल को आग लगा दी, जिसमें 24 लोगों की मौत हो गई। ढाका के एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि मृतकों में एक इंडोनेशियाई नागरिक भी शामिल है। उन्होंने कहा कि जोशोर जनरल अस्पताल के चिकित्सकों ने पुष्टि की है कि उन्होंने 24 शव की गिनती की है, जबकि जीवित बचे होटल कर्मचारियों को डर है कि मलबे में और भी शव हो सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, अवामी लीग सरकार का विरोध करने वाली उग्र भीड़ ने होटल के भूतल पर आग लगा दी और यह शीघ्र ही ऊपरी मंजिलों तक फैल गई। पूरे बांग्लादेश से लगभग एक जैसी खबरें आईं हैं और वहां गुस्साई भीड़ ने अवामी लीग के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं के आवासों और व्यापारिक प्रतिष्ठानों में एकसाथ तोड़फोड़ की। बांग्लादेश के राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने मंगलवार को बांग्लादेश की संसद को भंग कर दिया।



रविवार को बांग्लादेश में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन के बाद शेख हसीना ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया। शेख हसीना के इस्तीफे के बाद सेना ने सुरक्षा की कमान अपने हाथ में ली। मंगलवार को बांग्लादेश के राष्ट्रपति कार्यालय द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि संसद को भंग करने का निर्णय सशस्त्र बलों के तीनों प्रमुखों, विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं, नागरिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों और आंदोलनकारी छात्रों के नेताओं के साथ राष्ट्रपति की चर्चा के बाद लिया गया। संसद को भंग करने के राष्ट्रपति के कदम ने देश में नए सिरे से चुनाव कराये जाने का रास्ता साफ कर दिया है। बीएनपी अध्यक्ष और पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया को रिहा कर दिया गया है। इसके अलावा एक जुलाई से अगस्त के बीच गिरफ्तार किये गए लोगों को रिहा करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। बांग्लादेश में हिंसा शुरू होने के बाद जेल से कई लोगों को पहले ही रिहा किया जा चुका है। राष्ट्रपति की प्रेस टीम ने कहा कि शहाबुद्दीन की अध्यक्षता में हुई बैठक में बेगम खालिदा जिया को तत्काल रिहा करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। 78 वर्षीय जिया बांग्लादेश की पूर्व प्रधानमंत्री हैं और खराब स्वास्थ्य के कारण अस्पताल में भर्ती हैं।

### धीरे धीरे नियंत्रण में आ रही है स्थिति


स्थानीय खबरों के अनुसार पुलिस और सेना के जवान सड़कों पर गश्त लगा रहे हैं। इस वजह से स्थिति धीरे धीरे नियंत्रण में आ रही है। बताया गया है कि बांग्लादेश में एक लंबे समय के बाद विद्यालय भी खोले गए हैं। दरअसल, देश में विवादित आरक्षण प्रणाली के विरोध में छात्रों के प्रदर्शन की वजह से विद्यालय बंद कर दिए गए थे। सोमवार को हुई अभूतपूर्व हिंसा के बाद मंगलवार को ढाका में स्थित पर काफी हद तक काबू पाया गया है। ढाका की सड़कों पर सार्वजनिक परिवहन का संचालन शुरू हो गया है। इसके अलावा सड़कों में दुकानदारों ने भी अपनी दुकानें खोलना शुरू कर दिया है। वहीं, सरकारी वाहनों को भी कार्यालयों की तरफजाते हुए देखा गया है।

## मनीष सिसोदिया को राहत नहीं!

# सुप्रीम कोर्ट ने जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया...

नई दिल्ली/ एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति 'घोटाले' से जुड़े सीबीआई, ईडी मामलों में आम आदमी पार्टी (आप) नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर मंगलवार को अपना आदेश सुरक्षित रख लिया। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को सुप्रीम कोर्ट में आप नेता की जमानत याचिका का विरोध किया था, जिसमें दावा किया गया था कि उसके पास कथित दिल्ली उत्पाद शुल्क नीति घोटाले में उनकी गहन संलिप्तता दिखाने के लिए दस्तावेज हैं। न्यायमूर्ति बी आर गवई और



न्यायमूर्ति के वी विश्वनाथन की पीठ ने सिसोदिया की पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी और केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) एवं प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से पेश अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल एस वी राजू की दलीलें सुनीं। सीबीआई ने दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण एवं कार्यान्वयन में अनियमितताओं में कथित संलिप्तता को लेकर सिसोदिया को 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था। ईडी ने उन्हें नौ मार्च 2023 को सीबीआई की प्राथमिकी से जुड़े धन शोधन मामले में गिरफ्तार किया था। सिसोदिया ने 28 फरवरी, 2023 को दिल्ली मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया ने जमानत का अनुरोध करते हुए तर्क दिया है। कि वह 17 महीने से हिरासत में हैं और उनके खिलाफ मुकदमे की सुनवाई अभी तक शुरू नहीं हुई है। ईडी और सीबीआई ने उनकी जमानत याचिका का विरोध किया है।

### कार में घूमकर यूएई में सट्टा खिला रहा था युवक, पुलिस ने किया गिरफ्तार, मास्टर माइड शुभम का ख़ास

**रायपुर।** महादेव ऑनलाइन सट्टा एप से सट्टा संचालित कर रहे दो सगे भाइयों को गंज थाना पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पुलिस ने दुर्ग निवासी यामंत चंद्राकर और ओमप्रकाश चंद्राकर को गिरफ्तार किया है। इनके पास से कार जब्त की गई है। यामंत संयुक्त अरब अमीरात में रहता था। अभी वापस आया है। वह महादेव सट्टा एप में वाट्सएप के जरिए पैसा डिपाजिट करता था। गंज थाना पुलिस ने शनिवार की रात फाफाडीह एक्सप्रेस-वे अंडरब्रिज के नीचे यामंत चंद्राकर और ओमप्रकाश चंद्राकर को थार कार में पकड़ा। आरोपी महादेव ऑनलाइन सट्टा एप में मोबाइल से लोगों को सट्टा खिला रहे थे।

## विनेश फोगाट ने रचा इतिहास

# विनेश फोगाट ने जापान की रेसलर यूई सुसुकी को हराया

पेरिस/ एजेंसी

महिला रेसलिंग के 50 किलोभार वर्ग में भारत की विनेश फोगाट ने दुनिया की नंबर 1 रेसलर जापान की यूई सुसुकी को टेक्निकल पॉइंट के आधार पर हरा दिया। विनेश ने आखिरी 15 सेकंड में बाजी को पलट दिया और मुकाबला 3-2 की बराबरी पर रहा था। जिसके बाद जापान ने स्कोर को चैलेंज किया था लेकिन इसका फैसला भारत के पक्ष में आया। इस तरह महिला रेसलिंग में भारत के लिए विनेश फोगाट ने मेडल की तरफ एक और मजबूत कदम बढ़ाया है। बता दें कि,



जापानी पहलवान टोक्यो ओलंपिक की गोल्ड मेडलिस्ट थी। बाउट में उसने पहला पॉइंट भी लिया, लेकिन आखिरी पल पर विनेश फोगाट ने दंगल की तरह फिल्मी अंदाज में पटकनी देते हुए बाजी अपने नाम कर ली। उन्होंने पहले दो पॉइंट लिए, जबकि इसके बाद एक और पॉइंट मिला। इस तरह उन्होंने 3-1 से ये बाउट जीतकर क्वार्टर फाइनल में पहुंच गई हैं।वहीं पहले विनेश के लिए ये बाउट मुश्किल मानी जा रही थी। क्योंकि विनेश फोगाट ने कमाल करते हुए भारत की एक और मेडल की उम्मीद को कायम रखा है। फोगाट फैमिली की बेटियों को फाइटर माना जाता है। उन्होंने पिछले दो साल में तमाम उतार-चढ़ाव देखे हैं। लंबे समय तक रेसलिंग फेडरेशन के प्रमुख रहे बीजीपे नेता बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ मोर्चा खोल दिया था। इसी वजह से बृजभूषण शरण सिंह को अपना पद भी गंवाना पड़ा।

## अगला टारगेट मुकेश अंबानी

# एमपी में मिली धमकी वाली पर्ची से हड़कंप

**नई दिल्ली।** ग्वालियर में आज अचलेश्वर महादेव की दान पेटी खोलने के दौरान उस समय हड़कंप मच गया, जब दान पेटी में मुकेश धीरूभाई अंबानी को धमकी दी गई। जब दान की रकम की गिनती की गई तो एक स्टांप पर लिख हुआ था कि मेरा अगला टार्गेट मुकेश धीरूबाई अंबानी। स्टांप पर पता भी लिखा हुआ है, जिसमें मनोज शर्मा पुत्र रामेश्वर दयाल शर्मा निवासी बालाजी विहार गुढ़ी गुढ़ा का नाका, कंपू ग्वालियर लिखा हुआ है। स्टांप निकलने के बाद मंदिर प्रबंधन ने इसे पुलिस को सौंप दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। यह स्टांप तब निकला जब अचलेश्वर महादेव मंदिर की दान पेटियों



में आए दान की रकम की गिनती की जा रही थी।अचलेश्वर संचालन समिति के अध्यक्ष सेवानिवृत्त न्यायाधीश उच्च न्यायालय एनके मोदी के निर्देशन पर बैंक के सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने मंदिर में लगे चौदह दानपात्रों के ताले खोले गए।

### सर्व दलीय बैठक में न बुलाने पर जताई आपत्ति, इससे दिखती है केंद्र सरकार की छोटी मानसिकता

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार की राष्ट्रीय सुरक्षा मामले पर हुई सर्व दलीय बैठक में नहीं बुलाए जाने पर आम आदमी पार्टी ने सख्त आपत्ति जताई है। आप सांसद संजय सिंह ने कहा कि यह केंद्र सरकार की छोटी मानसिकता को दिखाता है। आम आदमी पार्टी के लोकसभा में तीन व राज्यसभा में 10 सांसद हैं। राष्ट्रीय सुरक्षा के मुद्दे पर प्रधानमंत्री को सबको साथ लेकर चलना होता है। आम आदमी पार्टी ने कहा, 'हमारी प्रधानमंत्री को सलाह है कि आप इतने छोटे मन से देश के राष्ट्रीय सुरक्षा के मसलों का समाधान नहीं कर सकते।

## पहले प्रयास के बाद नीरज ने आगे नहीं लिया हिस्सा

# नीरज चोपड़ा ने पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया, अरशद भी पदक मैच में पहुंचे...

पेरिस/ एजेंसी

भारत के स्टार भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा ने पेरिस ओलंपिक की शानदार शुरुआत की। नीरज ग्रुप बी के क्वालिफिकेशन में सबसे पहले शुरुआत करने आए और उन्होंने अपना इस सत्र का शानदार प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में 89.34 मीटर का थ्रो किया जो 84 मीटर के स्वत: क्वालिफिकेशन से काफी अधिक था। नीरज ने अपने स्वर्ण पदक के बचाव की बेहतरीन शुरुआत की है और उनसे फाइनल में भी इसी तरह के प्रदर्शन की उम्मीद है। नीरज के अलावा



पाकिस्तान के उनके प्रतिद्वंद्वी अरशद नदीम ने भी पहले ही प्रयास में कमाल का प्रदर्शन किया और 86.59 मीटर का थ्रो कर स्वत: फाइनल के लिए क्वलिफाई कर लिया। नीरज की तरह अरशद का भी यह सीजन का सर्वश्रेष्ठ थ्रो था। नीरज ने ग्रुप ए और बी दोनों में शीर्ष पर रहते हुए फाइनल में प्रवेश किया। गत ओलंपिक और विश्व चैंपियन नीरज ने 87.58 मीटर के प्रयास के साथ टोक्यो ओलंपिक का स्वर्ण पदक जीता था। फाइनल मुकाबला आठ अगस्त को भारतीय समयानुसार देर रात 11.50 बजे से होगा। ग्रेनाडा के एंडरसन पीटर्स ने भी बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए पहले ही प्रयास में फाइनल के लिए क्वालिफाई किया। पीटर्स ने पहले प्रयास में 88.63 का थ्रो फेंक और वह ग्रुप बी से सीधे क्वालिफाई करने वाले तीसरे एथलीट रहे। नीरज पहले प्रयास में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले एथलीट रहे थे। पहले प्रयास में फाइनल के लिए सीधे क्वालिफाई करने के बाद नीरज और अरशद ने क्वालिफिक्रेशन में आगे हिस्सा नहीं लेने का निर्णय लिया और वे अन्य प्रयास में भाला फेंकने नहीं आए। नीरज अब फाइनल में ओलंपिक के इतिहास में खिताब बरकरार रखने वाले पांचवां पुरुष भाला फेंक खिलाड़ी बनने के इरादे से उतरेंगे।

## महत्त्वाकांक्षी प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना पर संसद में केंद्रीय कृषि मंत्री चौहान द्वारा दिए गए जवाब

# पूर्ववर्ती फसल बीमा योजनाओं में कई कठिनाइयां थी : शिवराज

- हमारी सरकार ने फसल बीमा योजना की विसंगतियां दूर की, क्लेम देने में देरी हुई तो बीमा कंपनी 12 प्रतिशत पेनल्टी देगी-कृषि मंत्री
- देश के किसानों को प्रधानमंत्री मोदी पर भरोसा है- शिवराज चौहान

**नई दिल्ली (समय दर्शन)।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को संसद में प्रश्नकाल के दौरान प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के संबंध में प्रश्नों के उत्तर देते हुए कहा कि पूर्ववर्ती फसल बीमा योजनाओं में कई तरह की कठिनाइयां थी, किसानों के लिए उच्च प्रीमियम थी, दावों के निपटान में विलंब होता था, किसान और किसान संगठनी की कई तरह की आपत्तियां थी। श्री नरेंद्र मोदी जी, नई प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लाएं और जबसे ये योजना आई है. आप तुलना करके देख लीजिए, पहले केवल 3.51 करोड आवेदन आते थे, लेकिन अब 8.69 करोड़ आवेदन आए है, क्योंकि किसानों को भरोसा है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तब अऋणी किसानों के केवल 20 लाख आवेदन आते थे, अब 5.48 करोड़ आए हैं। कांग्रेस सरकार में कुल किसान आवेदन 3.71 करोड़ थे, जो अब 14.17 करोड़ हैं। किसानों ने 32,440 करोड़ रु. प्रीमियम दिया, जबकि उन्हें 1.64 लाख करोड़ रु. क्लेम दिया गया।

**योजना में 3.97 करोड़ किसान हुए कवर-** कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि पुरानी फसल बीमा योजना में बीमा आवश्यक रूप से किया जाता था और बीमे की प्रीमियम की राशि बैंक अपने-आप काट लेते थे। हमारी सरकार ने इस विसंगति को दूर किया है। अब किसान की मर्जी है तो वह बीमा कराएं और मर्जी नहीं है तो ना कराएं। श्री चौहान ने कहा कि पहले अऋणी किसान बीमा नहीं करवाता था, लेकिन अब वो भी चाहे तो बीमा करवा सकता है। अब तक इसमें 5 लाख 1 हजार हेक्टेयर कवर हुआ,



जो 2023 में बढ़कर 5.98 लाख है. हो गया है, वहीं 3.97 करोड़ किसान कवर हुए हैं और किसान निरंतर फसल बीमा योजना अपना रहे हैं। योजना सरल बनाने हेतु सरकार ने अनेक उपाय किए हैं, जिससे कि योजना का लाभ लेने में किसानों को कोई दिक्कत और परेशानी ना हो।

**नुकसान का आंकलन रिमोट सेंसिंग से -** केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में एक और नवाचार किया गया है। अब नुकसान का आंकलन नज़री नहीं, रिमोट सेंसिंग के माध्यम से कम से कम 30 प्रतिशत करना अनिवार्य कर दिया गया है। कई बार क्लेम भुगतान में देरी होती है। अगर देरी होती है तो बीमा कंपनी 12 प्रतिशत पेनल्टी देगी, जो सीधे किसान के खाते में जाएगी। अगर हम देरी के कारण देखें तो अधिकांश राज्यों द्वारा प्रीमियम सब्सिडी में अपने हिस्से को देरी से जारी करना सबसे बड़ा कारण है। उन्होंने कहा कि मैं सभी राज्य सरकारी से निवेदन करता हूं कि अपना हिस्सा जारी करने में देर ना करें। कई बार उपज के आंकड़े विलंब से प्राप्त होते हैं। कुछ मामलों में बीमा कंपनी और राज्यों के बीच विवाद सामने आता है। पहले एक व्यवस्था थी कि जब राज्य सरकार अपनी राशि जारी करती थी, तभी केंद्र सरकार अपना हिस्सा देती थी, लेकिन केंद्र सरकार ने अब एक प्रावधान किया है और राज्य सरकार के शेयर से खुद को को डी-लिंक कर लिया है, इसलिए अब केंद्र अपना शेयर तत्काल जारी करेंगी, ताकि किसान के भुगतान में देरी ना हो। किसान को कम से कम केंद्र की राशि समय पर मिल जाएं।

राज्य सरकार जिस मॉडल को चुनना चाहे, उस मॉडल को चुनती है। ये फसल बीमा योजना हर राज्य के लिए आवश्यक नहीं है, जो राज्य इस योजना को अपनाना चाहे अपनाएं और जो राज्य नहीं अपनाना चाहे, नहीं अपनाएं। वहीं श्री चौहान ने बताया कि बिहार में अभी तक प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को लागू नहीं किया गया है। बिहार की एक अपनी योजना है, वो उस योजना के हिसाब से अपने किसान को लाभान्वित करते हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### मां का दूध बच्चे के लिए अमृत के समान, आंगन बाड़ी में मनाया जा रहा स्तनपान सप्ताह



**पाटन ( समय दर्शन )।** गातापार आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में स्तनपान सप्ताह दिवस मनाया गया। जिसमें स्तनपान के बारे में जानकारी दी गई और 6 माह तक सिर्फ मां का दुध पिलाने की सलाह दी गई एवं अमृत दूध के बारे में बताया गया । मौसमी बीमारी के बारे में बताया गया एवं साफ सफाई के बारे में बताया गया। ग्राम गातापार के आंगनबाड़ी में स्तनपान सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज हितग्राही माताओ को स्तनपान से होने वाले लाभ के बारे में जानकारी दिया । आंगनवाड़ी कार्यकर्ता लता साहू ने शिशूवती माता को बताया कि बच्चों के लिए माता का दूध अमृत के समान है। इसके अलावा आंगनवाड़ी में उपस्थित हितग्राही, बच्चों एवं उपस्थित महिला समूह के सदस्यों में स्वच्छता को लेकर भी चर्चा हुई । जिसमें अपने घर एवं घर के आसपास की स्वच्छता बनाए रखने की अपील किया साथ ही साथ स्वच्छता नहीं होने से किस तरीका से मौसमी बीमारी फैलती है इसके बारे में बताया।। मौसमी बीमारी से बचने के लिए क्या-क्या उपाय करना चाहिए इसके बारे में भी महिलाओं को जानकारी दी गई। इस कार्यक्रम में सभी हितग्राही उपस्थित थे।

### कांग्रेस ने किया महाकाल प्रभु की चंद्रमौलेश्वर पालकी का स्वागत



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** भगवान महाकाल की नगरी उज्जैन की तर्ज पर संस्कारधानी राजनांदगांव में भगवान महाकाल की चन्द्रमौलेश्वर स्वरुप की पालकी शोभायात्रा सावन मास के प्रत्येक सोमवार को शहर के विभिन्न क्षेत्रों से निकाली जाती है। तृतीय सोमवार को पुराना ढाबा चिखली होते हुए भगवान चंद्रमौलेश्वर अपने प्रजा का हाल जानने निकले, जिसका स्टेशन पारा पहुंचने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के महामंत्री शाहिद भाई के अगुवाई में कांग्रेसजनों एवं धर्मप्रेमी जनों ने स्वागत वंदन कर भक्तजनों को शीतल पेयजल वितरीत कर पालकी शोभायात्रा के सूत्रधार पवन डागा एवं राजू डागा का भी स्वागत अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष भागवत साहू, पूर्व शहर कांग्रेस अध्यक्ष रमेश राठौर, प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता रूपेश दुबे, भावेश अग्रवाल, रामावतार जोशी, शेषनाथ सहित बड़ी संख्या में महाकाल भक्त उपस्थित थे।

### इंडसइंड बैंक ने एचएनआई/ यूएनएचआई सेगमेंट के लिए पेश किया विशेष जरूरतों को पूरा करने वाला वित्तीय समाधान कार्यक्रम 'पायनियर प्राइवेट'

**मुंबईः** इंडसइंड बैंक ने अपने एक विशिष्ट कार्यक्रम, 'पायनियर प्राइवेट प्रोग्राम' के लॉन्च की घोषणा की जिसके तहत हाई नेटवर्थ इंडिविजुअल (एचएनडब्ल्यूआई) की आवश्यकता के अनुरूप वित्तीय समाधान प्रदान किये जाएंगे। एचएनआई की सेवा में खुद को मज़बूती से स्थापित करने के बाद पेश यह नया कार्यक्रम, एचएनडब्ल्यूआई की विविध वित्तीय और बैंकिंग से जुड़ी ज़रूरतों को पूरा करने के लिए व्यक्तिगत आवश्यकता के अनुरूप समाधान प्रदान करने के प्रति इंडसइंड बैंक की प्रतिबद्धता की दिशा में एक महत्वपूर्ण छलांग है। पायनियर प्राइवेट, एचएनआई/यूएचएनआई समुदाय की विशिष्ट ज़रूरतों को पूरा करने के लिए तैयार वित्तीय समाधानों का एक विशेष सेगमेंट है। इस खास कार्यक्रम को 'भविष्य में इतिहास बनाने' (हिस्ट्री लाइज़ अहेड) की भावना के आधार पर तैयार किया गया है और यह समझदार यूएचएनडब्ल्यूआई की वित्तीय यात्रा की हर ज़रूरत को पूरा करता है। परिष्कृत निवेश के अवसरों पर ध्यान केंद्रित करने वाले हर तरह के बैंकिंग समाधानों की यह व्यापक श्रृंखला, पारंपरिक से लेकर ताज़ातरीन, एस्टेट और विरासत नियोजन, निर्बाध व्यापार और विदेशी मुद्रा सेवाएं, ज़रूरत के मुताबिक लोन और संरचना समाधान तथा कई अन्य ग्राहक-केंद्रित व्यक्तिगत पेशकशों तक फैली हुई है। इसके अलावा, यह कार्यक्रम अग्रणी बीमा कंपनियों के साथ साझेदारी में व्यक्तिगत बीमा समाधान प्रदान करता है और ग्राहकों की प्राथमिकताओं के अनुरूप शानदार जीवनशैली का अनुभव प्रदान करता है।

# शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आ में संपन्न हुआ दीक्षारंभ




**पाटन ( समय दर्शन )।** शहीद डोमेश्वर साहू शासकीय महाविद्यालय जामगांव आर मे प्रथम वर्ष के नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिए दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन शासन के निर्देशानुसार किया गया . कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में महाविद्यालय की जन भागीदारी समिति के वर्तमान अध्यक्ष श्री नरेश केला एवं पूर्व अध्यक्ष श्री रूपेंद्र शुक्ला मुख्य अतिथि रहे. विशिष्ट अतिथि के रूप में जामगांव आर के सरपंच राजकुमार ठाकुर एवं भरर की सरपंच गरिमा ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई.

कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीता कुंभारे की अध्यक्षता में हुआ. कार्यक्रम के दौरान नवीन शिक्षा नीति 2020 के सभी बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई और महाविद्यालय के विद्यार्थियों के साथ-साथ उनके पद्बलकों को भी इसकी जानकारी दी गई. बड़ी संख्या में महाविद्यालय के लगभग सभी विद्यार्थियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई. महाविद्यालय के सभी विभागों के प्राध्यापकों ने अपने-अपने विभागों की जानकारी और अनुभवों को साझा किया . इसके साथ ही विद्यार्थियों को नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति के सेमेस्टर सिस्टम, सिलेबस , परीक्षा पद्धति, मूल्यांकन पद्धति , और आगे आने वाले सेमेस्टर में लागू होने वाले नियमों को नोडल अधिकारी डॉअरुणेंद्र तिवारी द्वारा साझा किया गया. विद्यार्थियों ने अपने जिज्ञासाओं को प्रश्न पूछ कर शांत किया . महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती नीता कुम्हारे ने विद्यार्थियों से प्रश्न पूछ कर कार्यक्रम को दिलचस्प बना दिया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की . महाविद्यालय के बीकॉम प्रथम वर्ष कि छात्राओं द्वारा खूबसूरत छत्तीसगढ़ी नृत्य भी प्रस्तुत किया गया. कार्यक्रम में महाविद्यालय के सभी अधिकारियों कर्मचारियों ने अपना सहयोग और उपस्थिति प्रदान की. राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यार्थियों ने नवीन शिक्षा नीति पर पोस्टर एवं रंगोली बनाकर विद्यार्थियों को जानकारी दी . इसके साथ ही इस दिवस को स्मरणीय बनाने के लिए राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा मुख्य अतिथियों के साथ पौधारोपण भी कराया गया. छात्र संघ प्रभारी डॉ रजनीश तिवारी ने विद्यार्थियों को भविष्य में ऑलराउंडर बनने के लिए इस शिक्षा नीति के महत्व को समझाया. पुस्तकालय, गणित, रेड क्रॉस , राष्ट्रीय सेवा योजना, हिंदी, प्राणी शास्त्र , भूगोल , इतिहास, अंग्रेजी , राजनीति शास्त्र , भौतिक शास्त्र के सभी विभागों के प्रमुख प्राध्यापको ने अपने-अपने विषय और नए वैकल्पिक विषयों की जानकारी साझा की . संपूर्ण कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भविष्य में अच्छे नागरिक होने के साथ सफलतापूर्वक इस नीति से होने वाले लाभों के लिए अपने संकल्प को प्रदर्शित किया. कार्यक्रम में कार्यालयीन विभाग से श्री पूरणमल शर्मा, श्री गिरीश देशपांडे सहित सभी ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया. नवीन विद्यार्थियों को आने वाले सत्र में राष्ट्रीय सेवा योजना के सदस्य बनने के लिए रा से यो प्रभारी श्रीमती चेतना सोनी द्वारा इसकी जानकारी दी गई और समाज में अपनी भागीदारी देने के लिए प्रेरित किया रेड क्रॉस प्रभारी डॉ संतोष पांडे ने भी विद्यार्थियों को अपने विभाग की जानकारी और सदस्य बनने के लिए प्रेरित किया. कार्यक्रम का संचालन डॉ अरुणेंद्र तिवारी ने किया.

## पशुधन विकास संगठनों ने उपसंचालक चटर्जी को हटाने की विधानसभा अध्यक्ष से की मांग



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** पशुधन विकास विभाग के अधिकारी संगठनों ने प्रभारी उपसंचालक डॉ. अनूप चटर्जी को पद से हटाने के लिए आज डॉ. रमन सिंह से भेंटकर पत्र दिया गया, जिसमें संघ के अध्यक्ष यूके फंदियाल एवं साथी उपस्थित हुए। उन्होंने बताया कि उपसंचालक को कई बार संघ के माध्यम से अधिकारियों को हो रही परेशानी के बारे में बताया गया, लेकिन उनके द्वारा किसी भी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं की गई एवं समस्याओं के बारे में अत्यंत उदासीन रवैय्या रखा गया, जैसे समय पर मासिक वेतन नहीं देना, समय पर महंगाई भत्ता ना प्रदान करना, चिकित्सा बिल रोकना, सातवें वेतनमान की किस जारी न करना, उच्चतम कार्यालय के आदेशों का स्पष्ट रूप से उल्लंघन करना, पूर्व में दिए गए शासन से मान्यता प्राप्त संगठन के पत्रों को कोई महत्व नहीं देने एवं बार-बार स्मरण दिलाने पर भी किसी भी कार्य को न होने देना, सेवा निवृत्त साथियों के स्वतत्वों के देयकों को अनावश्यक रोक के सेवा निवृत्तों को परेशान करना इत्यादि ऐसे ही अनेक कारणों से अधिकारियों में काफी रोष व्याप्त हैं। हताश अधिकारियों ने अंततः आज विधानसभा कार्यालय में डॉ. रमन सिंह को पत्र दिया गया, और इसमें कहा गया कि डॉ. अनूप चटर्जी प्रभारी उपसंचालक को हटाकर किसी योग्य उपसंचालक की पदस्थापना राजनांदगांव में किया जाए, जिससे विभाग के अधिकारी बिना किसी तनाव के राजनांदगांव की जनता को अपनी सेवाएं प्रदाय कर सकें।

## विकास लाटा निलंबित, दिव्यांग बनकर पाई थी सरकारी नौकरी



**राजनांदगांव ( समय दर्शन )।** दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीटों पर कई व्यक्तियों ने दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनाकर सरकारी नौकरी पाने में सफल हो रहे है, जिसको लेकर बीते दिनों छत्तीसगढ़ पैरेंट्स एसोसियेशन के प्रदेश अध्यक्ष क्रिष्टोफर पॉल ने दस्तावेजी साक्ष्य के साथ दुर्ग संभाग के कमिश्नर और संयुक्त संचालक के समक्ष विकास लाटा की लिखित शिकायत की थी कि विकास लाटा, जो कि वर्तमान में भरकापारा, प्राथमिक स्कूल, विकासखंड व जिला-राजनांदगांव में सहायक शिक्षक के पद पर पदस्थ है, उन्होंने फर्जी दिव्यांग बनकर दिव्यांगों के लिये आरक्षित पद पर सरकारी नौकरी पाने में सफल हो चुका है।

श्री पॉल की शिकायत पर दुर्ग कमिश्नर और संयुक्त संचालक ने जिला शिक्षा अधिकारी को जांच कर कार्यवाही करने निर्देशित किया था। जिला शिक्षा अधिकारी ने तीन बार विकास लाटा को पत्र लिखकर जांच में उपस्थित होने निर्देशित किया, लेकिन विकास लाटा जांच में उपस्थित नहीं हुए, जिसके पश्चात् जिला शिक्षा अधिकारी, राजनांदगांव ने विकास लाटा को शुक्रवार को निलंबित कर दिया। निलबंन आदेशानुसार विकास लाटा को युक्तियुक्त अवसर दिया गया, लेकिन उन्होंने कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया, इसलिए उन्हें निलंबित किया जाता है, निलंबन के समय उनका मुख्यालय विकासखंड जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय राजनांदगांव रहेगा।

श्री पॉल का कहना है कि विकास लाटा यदि वास्तविक्ता में दिव्यांग होते तो स्वयं उपस्थित होकर जांच में सहयोग करते, लेकिन वे दिव्यांग नहीं है, सिर्फ जैसे-तैसे दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बना लिया और दिव्यांगों के लिए आरक्षित सीट पर सरकारी नौकरी पाने में सफल हो चुके थे, जिन्हें अब निलंबित किया गया है, जल्द उनकी सेवा समाप्त करने उच्च अधिकारियों को पत्र लिखा जाएगा।

जानकार बताते है कि शिक्षा विभाग में ऐसे और भी सरकारी कर्मचारी है जो दिव्यांग नहीं है, लेकिन दिव्यांगता का प्रमाण पत्र बनाकर सरकारी नौकरी पाने में सफल हो चुके है।

## देवादा में हुआ संकुल स्तरीय मेगा पालक-शिक्षक बैठक का आयोजन,बच्चों की दैनिक गतिविधियों को पालकों ने विस्तार से जाना



**पाटन ( समय दर्शन )।** स्वामी आत्मानंद हिन्दी माध्यम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय देवादा में आज पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजनकिया गया।बैठक में संकुलके अंतर्गत संचालित शासकीय विद्यालय (नवागांव, अरसनारा, देवादा फुंडा, पुनईडीह) के पालक गण उपस्थिति हुए।

बैठक में स्कूल की सभी गतिविधियों जैसे बच्चो ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक, बच्चो की अकादमिक प्रगति, पुस्तक उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, स्वास्थ्य परीक्षण, जाति । आय / निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोजन, विभिन्न प्रतियोगी परीक्षा, विभागीय योजनाओ की जानकारी एवं विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालको एवं छात्रो को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में जनपद उपाध्यक्ष देवेन्द्र चन्द्रवंशी ने भी पालकों से आहवान किया कि बच्चों की प्रतिदिन की गतिविधियो के बारे में बच्चों से चर्चा करें तथा पढ़ाई हेतु प्रोत्साहित करें, इसी कड़ी में ग्राम पंचायत देवादा सरपंच श्रीमती उर्वशी वर्मा ने कहा कि पालकों को बच्चों के स्कूली दिनचर्या के साथ साथ बच्चों के लिए शासन की सभी योजनाओं की जानकारी होना आवश्यक है। संस्था प्राचार्य द्वारा पालको को भी बच्चों के प्रति जागृत रहने के लिए कहा गया । इस कार्यकम संकुल के सभी प्रधान ?पाठक मौजूद रहे।

## सुबह दिया आवेदन, दो घंटे बाद दिव्यांग महिला के घर सीएमओ पहुंचे व्हील चेयर लेकर, आमजनों के समस्याओं का हो रहा तत्काल निराकरण



**पाटन ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ सरकार के निर्देश पर नगरी निकाय क्षेत्रों में आयोजित जन समस्या निवारण पखवाड़ा में अब आम जनों के समस्याओं का तत्काल निराकरण होने लगा है। इसी कड़ी में नगर पंचायत पाटन के सुभाष क्लब में पिछले दिनों जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया था। इस आयोजन में नगर के एक दिव्यांग महिला के पुत्र मुकेश शुक्ला ने अपनी माता श्रीमती सुभद्रा शुक्ला के लिए व्हीलचेयर की मांग किया था। इसके बाद नगर पंचायत पाटन के सीएमओ सौरभ बाजपेई ने समाज कल्याण विभाग से समन्वय बनाकर के तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराए और वह स्वयं दिव्यांग महिला के घर व्हीलचेयर लेकर पहुंचा । व्हीलचेयर देखकर बुजुर्ग महिला की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। उन्होंने शासन को इसके लिए धन्यवाद भी दिया साथ ही दिव्यांग बुजुर्ग महिला के पुत्र और पुत्रवधू ने भी छत्तीसगढ़ सरकार के इस पहल के सराहना की । बता दे कि अभी नगर पंचायत पाटन के क्षेत्र में अलग-अलग वार्ड में अलग-अलग तिथि वार जन समस्या निवारण पखवाड़ा के तहत शिविर लगाया जा रहा हैं। जिसमें ज्यादातर मांग और शिकायत संबंधी आवेदन आ रहे हैं। इनमें से जिस आवेदन का निराकरण तत्काल किया जा सकता है उसका निराकरण तत्काल किया जा रहा है। वहीं अन्य आवेदनों पर निराकरण के लिए समय सीमा भी निर्धारित की जा रही है । नगर पंचायत पाटन के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सौरभ बाजपेई ने बताया कि नगर में आयोजित शिविर में लोग अपनी समस्याओं को लेकर पहुंच रहे हैं वहीं नगर के लोगों को शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है।

# संकुल केंद्र खोकसा में पालक शिक्षक मेगा बैठक संपन्न

**बैठक में पालकों एवं शिक्षकों के मध्य गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए बनी रणनीति**







**शंकर लहरे / सरायपाली( समय दर्शन )।** संकुल स्तरीय पालक, शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन कार्यक्रम संकुल केंद्र खोकसा में रखा गया। जिसमें बड़ी संख्या में संकुल स्तर के शिक्षक व पालक गण उपस्थित थे। बैठक में 12 बिंदुओं पर पालकों और शिक्षकों के समक्ष चर्चा की गयी।

संकुल स्तरीय पालक, शिक्षक मेगा बैठक का शुभारंभ खोकसा संकुल प्रभारी एवं नोडल प्राचार्य पंचानन ठाकुर, समन्वयक टीआर पटेल, रोहिना हाई स्कूल प्रभारी प्राचार्य एके जायसवाल, सरपंच प्रतिनिधि रत्थूलाल दीवान, जन भागीदारी समिति अध्यक्ष दादू लाल चौहान द्वारा मां सरस्वती की पूजार्चना के साथ किया गया । सर्वप्रथम बैठक एजेंडे में शामिल मेरा कोना विषय पर अपना विचार व्यक्त करते हुए व्याख्याता कमलेश साहू ने बताया कि पढ़ने लिखने के लिए एक विशेष मानसिक स्थिति की आवश्यकता होती है जिसके लिए बच्चों को पढ़ने के लिये कमरे का एक कोना मुहिया कराया जाए जहां पर प्रकाश एवं हवा की समुचित व्यवस्था हो। उन्हें कॉपी पुस्तक कलम खोजने में समय गंवाना न पड़े। पढ़ने लिखने के लिए एक विशेष मानसिक स्थिति की आवश्यकता होती है। मनः स्थिति ठीक हो तो कोई भी विषय की पढ़ाई हो सकती है। प्रधान पाठक एनपी नायक ने छात्र के दिनचर्या विषय पर चर्चा करते हुए बताया कि सोने से लेकर जागरण तक पालकों को ध्यान देने की आवश्यकता है। बच्चों के आहार में फास्ट फूड की बजाय पौष्टिक भोजन को शामिल करने की सलाह दी। बच्चों की सुबह शाम की दिनचर्या में पढ़ाई भी शामिल हो। शिक्षक मोहित बरिहा ने बच्चों ने आज क्या सीखा विषय पर चर्चा करते हुए कहा कि पालकों को चाहिए कि बच्चा जब घर पहुंचे तो उनसे शांत माहौल में एक बार जरूर चर्चा करें कि आज वह क्या-क्या सीखा है अगर इस तरह आदत डालेंगे तो उनमें स्कूल में सीखने के प्रति ललक बढ़ेगी और साथ में बताने की उत्सुकता भी होगी नंदकुमार चौहान ने बच्चा बेझिझक बोल पाए इसके लिए प्रेयर एवं कक्षा में मंच प्रदान किये जाने की जानकारी दी। पद्मिनी भोई ने पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना, एके पटेल ने बस्ता रहित शनिवार, गीता पटेल ने विद्यार्थियों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, लखन लाल चन्द्रवंशी ने न्योता भोज, चंद्रकांत चौरसिया ने डिजिटल प्लेटफॉर्म विषय पर बालकों के मध्य अपने विचार साझा किये। कार्यक्रम का संचालन एके जायसवाल ने की।अंत में संकुल समन्वयक टीआर पटेल द्वारा पालक शिक्षक मेगा बैठक के औचित्य प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति के तहत गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा मुहिया कराने में पालकों की बड़ी भूमिका हो सकती है। संकुल प्रभारी पी एन ठाकुर ने पालकों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए इस कार्यक्रम का समापन की घोषणा की । इस कार्यक्रम में प्राथमिक, उच्च प्राथमिक एवं हाई स्कूल के शिक्षकगण एवं पालकगण उपस्थित थे।

सार समाचार

## चरौदा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार की मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** ग्राम चरौदा के पास ट्रक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक पूर्णचंद तारक 23 वर्ष ग्राम डोमा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक से कहीं जा रहा था, तभी ग्राम चरौदा के पास ट्रक क्रमांक सीजी 22 आर 6683 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहनर चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दिया। जिहससे पूर्णचंद तारक की मौत हो गई।

## मंडी से बाइक पार

**रायपुर( समय दर्शन )।** लालपुर फल मंडी के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अरूण महिलांगे 22 वर्ष संतोषी नगर टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि प्रार्थी अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एनजी 2492 को लालपुर फल मंडी के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए बाइक की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## युवक से मारपीट

**रायपुर( समय दर्शन )।** बाजार चौक कुहेरा में उधार पैसे के लेन-देन को लेकर एक युवक ने दूसरे युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर राखी पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी नामदास जांगड़े 36 वर्ष बाजार चौक कुहेरा का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी गणेश भारती 32 वर्ष ने उधार पैसे के लेन-देन को लेकर प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया।

## आठ जुआरी चढ़े पुलिस के हत्थे

**रायपुर( समय दर्शन )।** मुजगहन पुलिस ने जुआ खेलते 8 जुआरियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 14300 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार मुजगहन पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम काठाडीह में दबिश देकर जुआ खेलते आरोपी अवध किशोर साहू 40 वर्ष सहित अन्य 7 को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से ताशपत्ती सहित नकदी 14300 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

बलौदाबाजार जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के दीक्षारंभ समारोह में शामिल हुए राजस्व मंत्री

# नई शिक्षा नीति से देश की तरक्की में बढ़ेगा युवाओं का योगदान - टंकराम वर्मा

### वटगन महाविद्यालय में विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20 लाख रूपये स्वीकृत

**रायपुर( समय दर्शन )।** देश की तरक्की की राह में युवाओं का योगदान सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा लागू की गई। नई शिक्षा नीति का छत्तीसगढ़ में क्रियान्वयन हो रहा है। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा बलौदाबाजार जिले के विभिन्न कॉलेजों में आयोजित दीक्षारंभ समारोह को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में नई शिक्षा नीति का सफ्लतापूर्वक क्रियान्वयन किया जा रहा है। राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा ने कहा कि नई शिक्षा नीति में नौकरी की जगह स्वरोजगार पर जोर दिया गया है, ताकि व्यक्ति आत्मनिर्भर होकर खुद को नौकरी के बजाय अन्य लोगों को नौकरी प्रदान कर सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा नीति में



मातृभाषा में पढ़ाई के साथ-साथ देश की संस्कृति, सभ्यता को महत्व दिया गया है, जिससे छात्रों में गौरवशाली संस्कृति से परिचित हो सके। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति में नवीनतम तकनीकी ज्ञान का भी समावेश किया गया है। राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने नवीन शासकीय महाविद्यालय वटगन, शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी एवं शासकीय दाऊ कल्याण आर्टस एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलौदाबाज़ार के कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम में उन्होंने नवप्रवेशी कॉलेज छात्र छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया। इस मौके पर उन्होंने होनहार एवं परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। राजस्व मंत्री श्री वर्मा ने इस मौके पर वटगन कॉलेज के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 20 लाख रूपये की स्वीकृति की घोषणा की। इस राशि में 10 लाख रूपये के मुख्य सड़क मार्ग से कॉलेज तक पहुंचमार्ग और 10 लाख रूपये सायकल स्टैण्ड, आवश्यक फर्नीचर सहित बाउंड्री वॉल के लिए व्यय की जाएगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल ने कहा कि कॉलेज को संवारने की जिम्मेदारी हमारी है। हम सब मिलकर इस कॉलेज के लिए बेहतर कार्य करेंगे।

# खेल, कला और व्यावसायिक कौशल में दक्ष बने विद्यार्थी : खाद्य मंत्री




### नवागढ़ महाविद्यालय के कार्यक्रम में हुए शामिल

**रायपुर( समय दर्शन )।** खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने आज बेमेतरा जिलें के नवागढ़ विकासखण्ड के शासकीय कोदूराम दलित महाविद्यालय के दीक्षारंभ कार्यक्रम में शामिल हुए। महाविद्यालय के नवप्रवेशित विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के संबंध में जानकारी दी गई । इस दौरान खाद्य मंत्री ने परिसर में पौधारोपण भी किया। मंत्री श्री बघेल ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 का मुख्य उद्देश्य, प्रावधान, विशेषता और विभिन्न प्रकार के संकायों की जानकारी दी गई। शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों द्वारा चयन किये जाने वाले विषय जेनेरिक-इलेक्टिव का समूह तथा बैल्यू एडिशन कोर्स के समूह की व्याख्या किया। विद्यार्थियों को शिक्षा के लिए एक समग्र और बहुविषयक दृष्टिकोण पर अधिक जोर देना है, ताकि विद्यार्थी विषयों के साथ-साथ खेल, कला और व्यावसायिक कौशल में दक्ष हो सकें। शिक्षा नीति के तहत विद्यार्थियों को क्रेडिट आधारित कोर्सेस, सतत् आंतरिक मूल्यांकन एवं अंत सेमेस्टर परीक्षा से संबंधित प्रावधानों के बारे में समझाया गया है। विद्यार्थियों अथवा पालकों की शंकाओं का भी समाधान किया गया।

# कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने जनदर्शन में सुनी आमनागरिकों की समस्याएं

### संबंधित विभागों को आवेदनों को त्वरित निराकरण के दिए निर्देश

**रायपुर( समय दर्शन )।** कलेक्टर डॉ गौरव सिंह ने आज रेडक्रॉस सभाकक्ष मे आयोजित जनदर्शन मे आम नागरिकों की समस्याओ को सुना। कलेक्टर ने आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण करने का निर्देश भी दिया। इस दौरान अनेकों आवेदन प्राप्त हुआ। उन्होंने प्राप्त आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनदर्शन के दौरान की पारागांव अभनपुर निवासी फूलबासन वर्मा ने सामान्य राशनकार्ड को अंतयोदय राशन कार्ड में बदलने के लिए आवेदन दिया। जिस पर कलेक्टर ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कार्रवाई करने का तत्काल निर्देश दिया। बतरसी निवासी सुषमा यादव ने ग्राम



पंचायत के सहायिका के पद के लिए आवेदन दिया था। उनको नियुक्ति मिल गया है, लेकिन अभी तक आदेश कापी नहीं नहीं मिली है। जिससे नियुक्ति में देरी हो रही है। रायपुर के उद्यानों में पदस्थ दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को तीन माह से वेतन नहीं मिलने को लेकर शिकायत,तिल्दा के बहराडीह निवासी तोरन ने बेजा कब्जा हटाने, रवि शर्मा ने वामनराव लाखे वार्ड में जलभराव की समस्या जैसे अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

## रेलवे बोर्ड के सदस्य ने रेल मंडल रायपुर के कार्यों का किया निरीक्षण, रायपुर से नागपुर तक देखी व्यवस्था

**रायपुर( समय दर्शन )।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में दिनांक 03 अगस्त,2024 को रेलवे बोर्ड से (मेम्बर इंफ्रा) श्री अनिल कुमार खंडेलवाल का रायपुर से नागपुर के इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों का निरीक्षण किया गया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे रायपुर रेल मंडल में यात्री सुविधाओं के लिए चल रहे इंफ्रास्ट्रक्चर कार्यों, अमृत भारत स्टेशन योजना, रेलवे ट्रेक, सहित अन्य रेल इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही रायपुर मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक के साथ रायपुर मंडल के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक ली। दुर्ग स्टेशन पर कार्यरत रेलवे कर्मियों से मुलाकात कर उनके वर्किंग प्रणाली को जाना एवं उनका दी जा रही सुविधाओं



के बारे में विस्तृत चर्चा की रेलवे ट्रेकमैन की गैंग से रेल संरक्षा संबंधित चर्चा की ।रेलवे अधिकारियों से चर्चा के दौरान मेंबर इंफ्रा ने रेल साधन- संसाधनों का उचित प्रयोग एवं टीमवर्क पर जोर दिया। इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक संजीव कुमार अपर मंडल रेल प्रबंधक इंफ्रा एवं मुख्य परियोजना प्रबंधक गति शक्ति आशीष मिश्रा, अपर मंडल रेल प्रबंधक परिचालन बजरंग अग्रवाल, बिलासपुर मुख्यालय के संबंधित अधिकारी एवं रायपुर रेल मंडल के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खाद्य मंत्री बघेल ने हितग्रहियों को किया राशनकार्ड का वितरण

**रायपुर( समय दर्शन )।** खाद्य मंत्री श्री दयाल दास बघेल ने आज बेमेतरा जिले के नगर पंचायत नवागढ में नगरीय प्रशासन विभाग के द्वारा आयोजित जनसमस्या निवारण पखवाड़ा शिविर का अवलोकन किया और हितग्राहियों से चर्चा करके राशनकार्ड वितरण, उचित मूल्य दुकान के माध्यम से खाद्यान की उपलब्धता एवं अन्य समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान करने के लिए शिविर का आयोजन किया गया है, जिनका राशनकार्ड नहीं बना है। वे 15 अगस्त 2024 तक नवीनीकरण के लिए आवेदन कर सकते हैं। हितग्राही द्वारा खाद्य विभाग की वेबसाइट से डाउनलोड करके नवीनीकरण का कार्य किया जा सकता है। हितग्राही उचित मूल्य दुकान में भी जाकर ऑनलाईन के माध्यम से अपने राशनकार्ड नवीनीकरण और ई-केवायसी का कार्य करवा सकतें है। मंत्री श्री बघेल ने कहा कि ई-केवायसी के लिए प्रत्येक हितग्राही का बायोमेट्रिक अद्यतन होना चाहिए जिन सदस्यों का बाल आधार बना है उन्हें पहले आधार सेवा केंद्र से अपना बायोमेट्रिक अपडेट कराना होगा। इसके पश्चात् उचित मूल्य दुकान के ई-पॉस मशीन से ई-केवायसी करा सकते हैं। विदित हो कि राशनकार्ड में ई-केवायसी और नवीनीकरण की सुविधा नि:शुल्क है। शिविर में आवेदन कर सकते हैं।

मध्य प्रदेश में सबसे बड़े डमरू समूह श्रेणी के अंतर्गत एक नया गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया गया, जब लगभग 1,500 लोगों ने महाकालेश्वर मंदिर पर छोटे-छोटे डमरू बजाए।



## अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते चार कोचिया गिरफ्तार

**रायपुर( समय दर्शन )।** राजधानी के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते पुलिस ने चार कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 80 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 615 रुपए जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार गोलबाजार पुलिस ने लोहार गली में दबिश देकर अवैध शराब बेचते आरोपी सैयद समीर 44 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 225 रुपए जब्त किया है। वहीं खरोरा पुलिस ने भैरवनगर पुलिया के पास दबिश देकर आरोपी विक्की जांगड़े 35 वर्ष के पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गुढ़ियारी थाना पुलिस ने आरोपी सुरेश नायक 50 वर्ष के पास से 23 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। वहीं माना कैंप पुलिस ने आरोपी दीपा बारले 28 वर्ष के पास से 22 पाव देशी शराब जब्त किया है।

# बांधों के भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी-नालों में नहीं नहरों में छोड़ें - ज्ञापन

**रायपुर( समय दर्शन )।** आषाढ़ माह में अवर्षा की स्थिति के चलते पनपे अकाल की संभावना पर सावन माह में अभी तक हुये बारिश ने फिलहाल विराम लगा दिया है पर इस बारिश के बाद भी प्रदेश के कई तहसीलों में स्थिति बेहतर नहीं है । इधर बारिश की वजह से बांधों में जल भराव की स्थिति काफी बेहतर हुयी है और कई बांधों से जहां भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में छोड़ा जा रहा है वहीं कई बांधों से छोड़े जाने के कगार पर है । इस अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में न छोड़ व्यापक ?किसान हित में नहरों में छोड़ने की मांग जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप को मेल से ज्ञापन भेज किसान संघर्ष समिति के संयोजक भूपेन्द्र शर्मा ने की है । ज्ञातव्य हो कि प्रदेश में 46 छोटे - बड़े बांध है जिसमें से अधिकांश



आषाढ़ माह बीतने तक अवर्षा की स्थिति के चलते खाली पड़े थे पर सावन माह में शुरुआत से अब तक हुयी बारिश से बांधों में जल भराव की स्थिति में सुधार हुआ है और कई बांधों में पूर्ण भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में छोड़ा जा रहा है वहीं कई बांधों से नदी - नालों में पानी छूटने के कगार पर है । प्रेषित ज्ञापन में सामयिक परिस्थिति ?के परिपेक्ष्य में ?बाधो में भराव के बाद अतिरिक्त पानी को नदी - नालों में छोड़े जाने को पानी की बर्बादी ठहराते हुये व्यापक किसान हित में इसे नहरों में क्षमतानुसार छोड़ने की मांग की गयी है । ज्ञापन में बताया गया है कि इससे बांधों के कमांड क्षेत्र में आने वाले सिंचाई पानी के कमी वाले ग्रामों को सामयिक सिंचाई पानी मिल सकेगा वहीं नहरों में इस पानी के भराव से जहां आवश्यकता पर बांधों के पट खोलने से अंतिम छोर तक पानी पहुंचने में जो समय लगता है उसकी बचत होने के साथ - साथ जरुरत होने पर अन्य माइनरों व वितरक शाखाओं के किसान भी इसका उपयोग करने के साथ - साथ तालाबों को भी भर सकेंगे । इस संबंध में आवश्यक आदेश जारी करने की अपेक्षा श्री कश्यप से ज्ञापन में की गयी है ।

## बाइक सवार अनियंत्रित होकर गिरा, मौत

**रायपुर( समय दर्शन )।** छतौना चौक के पास बाइक सवार युवक अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसकी मौत हो गई। मामले में मंदिरहसौद पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक मनीष साहू 42 वर्ष धरमपुरा माना का रहने वाला है। बताया जाता है कि मनीष अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 पीटी 4936 से कहीं जा रहा था, तभी छतौना चौक के पास मनीष अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे उसके सिर पर चोट आई और उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वहीं मामले को जांच में लिया है।

## संपादकीय

# गरीबी मुक्त गांव बनाने की आह्वान

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राज्यों से गरीबी मुक्त गांव बनाने की दिशा में काम करने का आह्वान किया है। प्रधानमंत्री मोदी ने नीति आयोग की 9वीं शासी परिषद की बैठक के समापन अवसर पर शनिवार को कहा कि 2047 तक विकसित भारत, जो हर भारतवासी की महत्त्वाकांक्षा है, के लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है। इसके लिए राज्यों की भागीदारी महत्त्वपूर्ण है। यह दशक तकनीकी और भू-राजनीतिक बदलावों और अवसरों का है, जिसका लाभ उठाया जाना चाहिए। मजे की बात यह है कि प्रधानमंत्री मोदी विकसित राष्ट्र के सफर में राज्यों की भागीदारी की बात कह रहे हैं, लेकिन बैठक में बिहार, केरल समेत 10 राज्य और केंद्रशासित प्रदेश शामिल नहीं हुए। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बैठक में पहुंचीं जरूर लेकिन अपना भाषण बीच में ही रोक देने का आरोप लगाते हुए उन्होंने बैठक का बहिष्कार कर दिया। इतनी महत्त्वपूर्ण बैठक से दस से ज्यादा राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों का शामिल न होना निश्चित ही दुर्भाग्यपूर्ण है क्योंकि विकसित राष्ट्र की दिशा में अकेले-दुकेले की बढ़त से बात नहीं बनेगी। सभी की भागीदारी और सहयोग होना जरूरी है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश, गरीबी उन्मूलन और आबादी का प्रबंधन जैसे तमाम मुद्दे हैं, जिनके लिए राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों को अपने तई प्रयास करने होंगे। जरूरी बन पड़ी नीतियों को क्रियान्वयन करके देश के आर्थिक विकास की दिशा में अपना महती योगदान देना होगा। बैठक में प्रधानमंत्री ने जो सबसे महत्त्वपूर्ण बात कही वह थी गरीबी-मुक्त गांव की दिशा में काम करने की। बेशक, इस दिशा में तैयारी करके बढ़ा जाए तो बेहतर नतीजों की उम्मीद की जा सकती है। माइक्रो लेवल का आर्थिक प्रबंधन कोई नहीं बात नहीं है। बहुत पहले गांधी जी ने गांव के स्तर पर ज्यादा से ज्यादा सक्रियता की बात कही थी। उन्हें लगता था, और जो भारत जैसे गांवों के देश में सही भी था, कि गांव के स्तर पर आर्थिक गतिविधियों को मजबूती देकर आमजन को सबल बनाया जाना चाहिए। लेकिन बाद में इस आर्थिक सोच को बिसरा दिया गया। नतीजतन, गांव में रोजगार की स्थिति खासी चरमरा गई और बड़े पैमाने पर पलायन होने लगा। तमाम शहरों और बड़े नगरों की ओर हुए आबादी के पलायन से शहरों में नागरिक सुविधाओं के हालात बदतर हो गए। जरूरी है कि केंद्र सरकार और राज्यों में आरूढ़ सरकारें मिलकर गांवों को सबल बनाने की दिशा में अग्रसर हों जिससे आम जन के हालात बेहतर हो सकेंगे जो बड़ी सफलता होगी।

# क्या योगी जी ने पासा पलट दिया?

आजकल प्रिंट व दृश्य श्रव्य मीडिया में काफी चर्चा है कि योगी आदित्यनाथ जी के विरुद्ध जो पार्टी में कुछ लोग प्रचार कर रहे थे उसे योगी जी ने दुकानों में नाम लिखने की घोषणा के बाद उनकी स्थिति बहुत मजबूत हो गई है । सावन के महीने पर कावड़ को ले जाने वालों को रास्ते में शुद्ध हिन्दू भोजन व फल आदि मिल सके, इसलिए योगी जी ने आदेश निकला कि रास्ते की हर दुकान अपने मालिक को कर्मचारियों के नाम बाहर बोर्ड लगाकर प्रकट करेंगे । अभी बहुत से मुस्लिमों ने हिन्दू देवी-देवताओं के नाम दुकान, होटल, ढावे का नाम रख लिया है । ठेले वालों को भी अपना नाम बतलाना होगा । हमारे शास्त्रों में ऐसी शुद्धता का कोई उल्लेख नहीं है क्योंकि हमारे शास्त्र हजारों साल पुराने हैं जबकि इस्लाम 2000 साल पुराना ही है । गीता में भगवान कृष्ण कहते हैं कि वर्ण मैंने बनाये हैं । कालांतर में ये जाति बन गये और जन्म के आधार पर निर्धारित होने लगे । पहले ये वर्ण कर्म पर आधारित थे । अनेक संत जाति के हिसाब से सबसे नीचे की सीढ़ी के हैं । कबीर जुलाहा थे । रहीम मुसलमान थे । रसखान और जायसी इस्लाम को मानने वाले थे । लोकसभा में भाजपा को कम सीटें मिली और इण्डिया गठबंधन बाजी मार गया । अभी सात राज्यों की 11 सीटों में भाजपा मात्र दो सीटें जीत पाई ? । उसे दो सीटों का नुकसान हुआ । अब उत्तर प्रदेश में उप चुनाव होने वाले हैं । बहुत से विधायक सांसद बन गये हैं । मंत्रिमंडल में उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य खुलेआम शीर्ष नेताओं से मिल रहे हैं । पिछले दिनों भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा जी ने उन्हें मिलने का समय दिया । राजनैतिक पण्डितों का कहना है कि यह ठीक नहीं है । क्योंकि वे योगी जी की आज्ञा के बिना केन्द्रीय नेतृत्व से नहीं मिल सकते । केशव प्रसाद मौर्य और एक उप मुख्यमंत्री तथा एक मंत्री योगी जी द्वारा आहूत मंत्रिमंडल की बैठक में भाग नहीं ले रहे हैं । यह राजनैतिक पण्डितों का कहना है कि मर्यादा के विरुद्ध है । अब योगी जी अपने आप तो इन तीनों को मंत्रिमंडल से हटा नहीं सकते बिना केन्द्रीय नेतृत्व की स्वीकृति के । केन्द्रीय नेतृत्व का मतलब अब मोदी जी हैं । केशव प्रसाद मौर्य भूल गये कि 2022 के विधानसभा चुनाव में वे अपनी सीट से हार गये थे । वह भी एक महिला से । उत्तर प्रदेश में लोकसभा या उप चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन पर जो भी चर्चा हो वह मीडिया में नहीं आनी चाहिए । यह पार्टी का आंतरिक मामला है । असल में बेरोजगारी, महंगाई और युवाओं की निराशा हार का मुख्य कारण हो । इसका विश्लेषण सी.एस.डी.एस. कर सकती है या कोई समाज शास्त्री या योग्य विद्वान । असल में हाल में योगी जी ने अपने दो फैसले बदल दिये थे । लखनऊ व पंतनगर में अवैध कॉलोनियों में बुलडोजर चलाने की घोषणा को अनिश्चित काल के लिए टाल दिया गया । इसके बाद अध्यापकों की डिजिटल उपस्थिति के नियम को भी दो महीने के लिए स्थगित करना पड़ा । इससे भाजपा के अंदरुनी लोग और अन्य पार्टी के लोग इसे योगी जी की कमजोरी मानने लगे । परन्तु योगी जी उसी दम-खम से काम कर रहे हैं जैसे पहले दुकानों पर नाम लिखने की उनकी घोषणा का कई सदस्यों ने स्वागत किया है । उत्तराखण्ड में यह लागू हो गया है । हरियाणा, राजस्थान,मध्य प्रदेश भी इस नियम कोलागू कर रहे हैं । कर्नाटक में जब भाजपा की सरकार थी तो उसने यह घोषणा की थी कि मंदिरों के बाहर मुसलमान पूजा का सामान नहीं बेचेंगे । बनारस के मंदिरों में भगवान को जो वस्त्र पहनाये जाते हैं वे प्राय: मुसलमान महिलाएं बनाती हैं । प्रभु रामकी मूर्ति स्थापना वाले दिन मुसलमान वादी को भी निमंत्रण भेजा गया था ।

# भ्रष्टाचार के खिलाफ कानून बनाने में केंद्र की कोताही

**योगेंद्र योगी**



विपक्षी दलों के नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाने वाली केंद्र सरकार सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बावजूद जनप्रतिनिधियों के भ्रष्टाचार रोकने के लिए कानून बनाने में नाकाम रही है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना की कार्रवाई को लेकर याचिका पर सुनवाई स्वीकार करना स्वीकार कर लिया है। देश की शीर्ष अदालत ने वर्ष 2018 में एक जनहित रिट याचिका पर आदेश दिया था कि चुनाव लड़ने वाले प्रत्याशियों के अलावा उनके परिवार के लोगों की सम्पत्ति और आय के स्त्रोतों की जानकारी देने के लिए केंद्र सरकार कायदे-कानून बनाए। करीब 6 साल बीतने के बावजूद केंद्र सरकार इस आदेश की पालना करने में विफ्ल रही। इस पर केंद्र सरकार के खिलाफ अवमानना कार्रवाई को लेकर दायर याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया है। आश्चर्य की बात यह है कि लोकसभा और चार राज्यों के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने विपक्षी दलों के नेताओं को भ्रष्टाचार को प्रमुख मुद्दा बनाया था। प्रधानमंत्री मोदी सहित अन्य वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने विपक्षी दलों पर भ्रष्टाचार को लेकर जमकर कटाक्ष किया था। प्रधानमंत्री मोदी ने विपक्षी गुट को भ्रष्ट लोगों का जमावड़ा बताया था। प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर विपक्ष पर निशाना साधते हु कहा था कि विपक्षी नेता नोटों के बंडलों के साथ रंगे हाथों पकड़े जा रहे हैं। झारखंड और बंगाल में ऐसे मामले उजागर हो रहे हैं। वे दिल्ली की जनता को लूटने का कोई मौका नहीं छोड़ते। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि राजनीति में बदलाव के लिए आए लोगों ने दिल्ली की जनता को धोखा दिया है। पीएम ने कहा था कि शराब घोटाला हो या नेशनल हेराल्ड घोटाला, भ्रष्टाचारियों से एक-एक पैसा वसूला जाएगा। यह मोदी की गारंटी है। जिसने भी लूट की है, उसे जनता का पैसा वापस करना होगा। हम इस पर कानूनी राय लेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी भ्रष्ट लोगों के धन का एक्स-रे करेंगे। जिन्होंने लूट की है, उन्हें जेल जाना होगा। इतना ही नहीं राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई करना एनडीए सरकार का एक मिशन है, न कि चुनावी लाभ का मामला।

प्रधानमंत्री ने भ्रष्टाचार और काले धन पर और अधिक कार्रवाई करने का संकल्प लेते हुए कहा कि सरकार ने जांच एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के लिए पूरी आजादी दे दी है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस कार्रवाई में किसी को भी बख्शा नहीं जाएगा। उन्होंने पहले आम आदमी पार्टी (आप) के खिलाफ सबूतों के साथ गंभीर आरोप लगाने और बाद में लोकसभा चुनाव लड़ने के लिए उसके साथ गठबंधन करने के लिए कांग्रेस पर निशाना साधा। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं बिना किसी झिझक के यह कहना चाहता हूं और देशवासियों को भी बताना चाहता हूं कि मैंने एजेंसियों को भ्रष्ट लोगों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की पूरी आजादी दी है। सरकार कहीं भी हस्तक्षेप नहीं करेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें (जांच एजेंसियों को) ईमानदारी के लिए ईमानदारी से काम करना चाहिए। भ्रष्टाचार में लिप्त कोई भी व्यक्ति कानून से बच नहीं पाएगा। यह मोदी की गारंटी है। विपक्षी सदस्यों के इस आरोप का जिक्र करते हुए कि सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है, प्रधानमंत्री मोदी ने दिवंगत मुलायम सिंह यादव जैसे विपक्षी नेताओं के बयानों का हवाला दिया, जिन्होंने यूपीए सरकार पर उनके खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) का इस्तेमाल करने का आरोप लगाया था। उन्होंने यह भी कहा कि यहां तक कि सुप्रीम कोर्ट ने भी सीबीआई को पिंजरे में बंद तोता करार दिया था।

उन्होंने कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों पर आरोप लगाए गए हैं। कहा गया है कि केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आप शराब घोटाला करती है, आप भ्रष्टाचार करती है, आप बच्चों के लिए कक्षाएं बनाने में घोटाला करती है, आप पानी घोटाला भी करती है... कांग्रेस आप के खिलाफ शिकायत करती है। कांग्रेस आप को अदालत में घसीटती है और अगर कार्रवाई होती है तो वे मोदी को गाली देते हैं। इन आरोपों के जवाब में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन के दलों का कहना था कि भाजपा जिन नेताओं पर करोड़ों के घोटाले का आरोप लगाती है, बाद में उन्हें ही अपनी पार्टी में शामिल करवा कर केस वापस ले लेती है। भाजपा के पास ऐसी वॉशिंग मशीन है, जिसमें 10 साल पुराना केस भी डालो तो आरोपी बेदाग होकर निकलता है। कांग्रेस ने विपक्ष के ऐसे 51 मामलो को गिनवाया जिन पर कार्रवाई चल रही है। इसके अलावा उन्होंने 20 केस ऐसे गिनाए, जिनमें भाजपा और उसकी सहयोगी दल के नेताओं पर केस दर्ज हैं। लेकिन वह अभी तक बचे हुए हैं और उन पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। कांग्रेस ने एनसीपी नेता प्रफुल्ल पटेल का नाम लेकर कहा था कि भाजपा ने प्रफुल्ल पटेल पर अरबों रुपए के घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन जब वे एनसीपी छोड़ भाजपा में शामिल हुए तब उनके सारे दाग धुल गए और वे बहुत अच्छे इंसान हो गए। उन्होंने असम के मुख्यमंत्री हिमंता सरमा का भी नाम लिया और कहा कि इनकी कहानी भी सेम है।

गौरतलब है कि असम के मुख्यमंत्री पर गुवाहाटी में जलापूर्ति घोटाले का आरोप लगा था। नारायण राणे के खिलाफ ईडी-सीबीआई ने कई मामले दर्ज किए। अजीत पवार घोटाले के आरोप में ईडी द्वारा जांच चल रही थी। कांग्रेस की तरफ से महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण पर भाजपा ने आदर्श हाउसिंग सोसाइटी घोटाले का आरोप लगाया था लेकिन भाजपा में शामिल होने के बाद इनके खिलाफ मामला आगे नहीं बढ़ा। इसके अलावा हसन मुश्रीफ और छगन भुजबल इन दोनों पर भाजपा ने मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप लगाया था। जिसके बाद श्रष्ठ ने इन पर कार्रवाई भी की थी. लेकिन इनके एनसीपी से अलग हो जाने के बाद इनके खिलाफ सारी कार्रवाइयां बंद हो गईं। गौरतलब है कि भारत भ्रष्टाचार के मामले में विश्व में बदनाम है। भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक 2023 में 180 देशों में से भारत 93वें स्थान पर रहा। जबकि वर्ष 2022 में भारत की रैंक 85 थी। यह सूचकांक विशेषज्ञों और व्यवसायियों के अनुसार, सार्वजनिक क्षेत्र में भ्रष्टाचार के कथित स्तर के आधार पर 180 देशों और क्षेत्रों को रैंक करता है। भारत में हर तरफ भ्रष्टाचार का खुलासा एक अंतरराष्ट्रीय सर्वे में भी हो चुका है। सर्वे में शामिल कुल कंपनियों में से 80 फीसदी ने कहा है कि 2015-16 में वह भ्रष्टाचार से जुड़े धोखाधड़ी का शिकार हुई हैं। 2013-14 में ऐसी कंपनियों की संख्या 69 फीसदी थी। सवाल यही है कि देश में जब हर तरफ भ्रष्टाचार व्याप्त हो तब केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट के जनप्रतिनिधियों सम्पत्ति और आय स्त्रोतों आदेश पर कानून बनाने में कोताही क्यों बरती है। केंद्र सरकार का यह रवैया भ्रष्टाचार के खिलाफ वादे-दावों के अंतर को बताता है। यदि ऐसा नहीं होता तो करीब 6 साल पहले दिए गए फैसले की पालना केंद्र सरकार कर चुकी होती। अब नौबत अदालत की अवमानना की आ गई है। ऐसे में केंद्र सरकार भ्रष्टाचार को देश से जड़मूल से उखाड़ने के वादों को आत्मविश्लेषण करने की आवश्यकता है।

# बजट में महिलाओं को अच्छी योजनाओं का लाभ

**हंसा मीना**

किसी भी देश की अर्थव्यवस्था को गति प्रदान करने एवं मजबूती के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार सरकार की प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर होने चाहिए। इसी को ध्यान में रखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने सातवें बजट 24-25 में युवा शक्ति को प्रोत्साहित किया है। विशेष रूप से महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए कौशल विकास पर सर्वाधिक ध्यान केंद्रित किया है। लोक सभा चुनाव से पूर्व भाजपा ने महिलाओं से %लखपति दीदी' के तहत आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का वादा किया था। मोदी के तीसरे कार्यकाल के प्रथम बजट में की गई महिला केंद्रित घोषणाओं में वह वादा पूर्ण होता नजर आ रहा है। प्रथम दृष्ट्या बजट रोजगारोन्मुखी प्रतीत हो रहा है क्योंकि इसमें सर्वाधिक ध्यान कौशल विकास पर दिया गया है। देश के श्रमबल में महिलाओं की भागीदारी 37 प्रतिशत है, इसे बढ़ाने के लिए वित्त मंत्री ने मुख्य रूप से तीन योजनाओं का प्रावधान बजट में किया है। प्रथम-महिलाओं और लड़कियों के लिए कुल 3 लाख करोड़ रुपए का आवंटन, जो विभिन्न मंत्रालय मिलकर अगले एक वर्ष में खर्च करेंगे। द्वितीय-महिला रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार स्किलिंग प्रोग्राम चलाएगी। इसके लिए इंडस्ट्री मॉडल पर काम होगा। तृतीय-कार्यस्थल पर महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करना। इसके लिए महिला बाल विकास विभाग के बजट में 2.5 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है। अब स्टार्टअप के लिए युवा महिलाओं को आसान मदद मिल सकेगी। प्रधानमंत्री इंटर्नशिप स्कीम के तहत सरकार पांच साल में टॉप कंपनियों में एक करोड़ युवाओं को कौशल प्रशिक्षण दिलाएगी। यहां एक साल में 5000 रु पए प्रति माह भत्ता मिलेगा। यह योजना कंपनियों के लिए स्वैच्छिक है। युवाओं को रोजगार के लिए यह बेहतरीन मौका है। संपत्ति खरीदना व्यक्ति के जीवन का सबसे बड़ा सपना होता है, इस सपने में सहयोगी बनते हुए मोदी सरकार ने अपने पिछले कार्यकाल में गरीब परिवारों को रियायती दरों पर आवास की सुविधा प्रदान करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। इसी कड़ी में आगे की राह को और आसान बनाते हुए बजट में पहली बार प्रावधान किया गया है कि, प्रॉपर्टी खरीदने पर महिलाओं को स्टाम्प ड्यूटी देने पर राष्ट्रीय स्तर पर छूट प्रदान की जाएगी। पिछले एक वर्ष में सोने-चांदी की कीमतों ने आसमान छू लिया था। इससे गरीब महिलाओं का आभूषण खरीदने का सपना धुंधला पड़ने लगा था। इस बार सात वस्तुओं पर कस्टम ड्यूटी घटाई गई है, जिनमें सोना-चांदी पर घटाई गई कस्टम ड्यूटी महिलाओं के लिए अधिक हितकर साबित होगी। बजट में आयातित सोना-चांदी पर कस्टम ड्यूटी 9 फीसद घटाई गई है जो पहले 15 फीसद थी। अब यह मात्र 6 फीसद लगेगी। अब महिलाएं राहत की सांस ले पाएंगी और उनका आभूषण खरीदना पहले की अपेक्षा आसान हो जाएगा। बजट में महिलाओं को औद्योगिक जगत में ऊंची छलांग लगाने का अवसर प्रदान किया गया है। छोटे और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) के विकास की गारंटी देकर महिलाओं को उद्यमी बनने का अवसर प्रदान किया है। लघु उद्योग विकास बैंक से छोटे उद्योगों को लोन मिलना आसान होगा। एमएसएमई को संकटकाल में बैंक ऋण सुविधा जारी रखने के लिए नई व्यवस्था की गई है, इससे इनके बंद होने का खतरा टलेगा। एमएसएमई क्लस्टरों को सेवाएं देने के लिए सिडबी की नई शाखाएं खोली गई हैं। एमएसएमई का व्यवसाय जारी रखने और एनपीए होने से बचाने के लिए संवर्धित निधि से गारंटी देखकर ऋण प्रदान किया जाएगा।

एनडीए सरकार को विगत कार्यकाल में महिला आरक्षण एवं महिला केंद्रित योजनाओं से अच्छी प्रतिक्रिया मिली थी। चूंकि महिलाएं प्रत्यक्ष तौर इन योजनाओं से लाभान्वित हुई थीं। अतः वर्तमान सरकार को उम्मीद है कि आगामी दिनों में कुछ राज्यों में होने वाले चुनावों में भी उन्हें इसका लाभ मिल सकता है। एनडीए सरकार ने महिलाओं को अच्छी योजनाओं का लाभ देकर अपना वोट बैंक तो सुरक्षित किया ही है साथ ही भावनात्मक रूप से जुड़ाव भी मजबूत किया है।

बजट में महिलाओं को जो लाभ दिया गया है उससे प्रतीत हो रहा है कि सरकार का जो वोट बैंक छिटका है, बजट उसे कवर करने का पूर्ण प्रयास करेगा। बजट में प्रत्येक वर्ग को प्रत्येक क्षेत्र में लाभ देने का प्रयास किया गया। बजट को रोजगारोन्मुखी एवं युवा सोच को प्रोत्साहित करने वाला कहना अतिश्योक्ति नहीं होगी। प्रकृति में %सृजन' और बेहतरीन प्रबंधन की प्रतीक महिला परिवार का आधार स्तंभ होती है। यदि वह आर्थिक रूप से मजबूत है तो परिवार की नींव को दृढ़ता प्रदान करती है। इससे समाज को मजबूती मिलती है, और देश सुदृढ़ बनता है।

# आरक्षण का मुद्दा बांग्लादेश की शेख हसीना सरकार को ले डूबा

**दीपक कुमार त्यागी**



बांग्लादेश निर्माण के लिए संघर्ष करने वाले परिवारों के लिए पीढ़ी दर पीढ़ी मिलने वाले 30 फीसदी आरक्षण को हटाने की मांग को लेकर के देश के छात्र लंबे समय से सड़कों पर उतर करके हिंसक आंदोलन करके जान गंवा रहे थे। लेकिन बांग्लादेश की सरकार ने छात्रों की भावनाओं को अनदेखा करते हुए आरक्षण के इस बेहद ज्वलंत बन चुके मुद्दे को कभी हाइकोर्ट व कभी सुप्रीम कोर्ट के निर्णय की आड़ में अटकाए व भटकाएं रखा हुआ था। जिसके चलते ही 5 अगस्त 2024 की दोपहर को आरक्षण का यह मुद्दा शेख हसीना की सरकार को आखिरकार ले ही डूबा। छात्रों के आरक्षण विरोध की जबरदस्त आग के चलते अब बांग्लादेश में तख्तापलट हो गया है, छात्रों ने संसद, पीएम हाउस आदि तक पर भी अपना कब्जा कर लिया है, गुस्से की आग में झुलस रहे छात्रों ने बांग्लादेश के संस्थापक मुजीबुर्रहमान की मूर्ति तक को भी नहीं बख्शा है। हालांकि बांग्लादेश देश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 5 अगस्त की दोपहर को ही अपने पद से इस्तीफा देकर के बंग्लादेश को सुरक्षित रूप से छोड़ दिया है। जबरदस्त हिंसा की आग में झुलसते बांग्लादेश की राजधानी ढाका से पीएम शेख हसीना फिलहाल सुरक्षित भारत के दिल्ली से सटे गाजियाबाद में बने हिंडन एयरबेस पहुंच गयी हैं। वहीं बांग्लादेश के सेनाध्यक्ष ने हिंसा रोकने के लिए पुलिस को हटाकर के देश को पूरी तरह से सेना के हवाले कर दिया है और उन्होंने छात्रों को उनकी मांग मानने का आश्वासन देते हुए देश में जल्द ही अंतरिम सरकार का गठन करने की घोषणा की है। भयावह कोविड़काल में अपनी अर्थव्यवस्था का दुनिया में लोहा मनवाने वाला बांग्लादेश छात्रों के हिसंक आंदोलन में जल रहा है। अब देश व दुनिया के विशेषज्ञ यह आंकलन करने में लगे हुए हैं कि आखिरकार की बांग्लादेश में यह स्थिति कैसे हो गयी। हालांकि आज की परिस्थिति में विचारणीय तथ्य यह है कि बांग्लादेश में आरक्षण के विरोध की आग में झुलसते हुए यह आलम कैसे हो गया कि वहां पर हिंसा में सैंकड़ों छात्र व आम लोगों असमय काल का ग्रास अचानक से ही बन गये। लेकिन अब तख्तापलट के बाद भी हिंसा आज भी अनवरत रूप से जारी है, दंगा-फसाद में देश के आम लोगों की मौत होना अब भी जारी है, पूरे देश में अस्थिरता का माहौल होने के चलते जान-माल की भारी क्षति होना निरंतर जारी है, स्थिति को नियंत्रित करने के लिए पूरे देश को सेना के हवाले कर दिया गया है। बांग्लादेश में बने बेहद तनावपूर्ण हालात के चलते भारत सरकार ने बांग्लादेश से लगती हुई अपनी पूरी सीमा पर हाईअलर्ट करते हुए एक-एक पल की निगरानी के लिए जांबाज सुरक्षाकर्मियों को आदेश दे दिया है। सीमावर्ती क्षेत्र में स्थिति पर पैनी नज़र बनाए रखने के लिए खुद बीएसएफ के डीजी सीमाओं का दौरा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, विदेश मंत्री एस. जयशंकर के साथ-साथ अजीत डोभाल पूरी स्थिति पर नज़र रख रहे हैं। लेकिन भारत की सीमाओं की सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाएं रखने के लिए अब सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि भारत आज ऐसे पड़ोसी देशों की सीमाओं से घिर गया है, जहां पर जबरदस्त ढंग से हिंसा व अस्थिरता का माहौल बना हुआ है। भारत के पड़ोसी बांग्लादेश, पाकिस्तान, अफगानिस्तान, नेपाल, श्रीलंका, म्यांमार, मालदीव आदि में माहौल बेहद ही अस्थिरता पूर्ण बना हुआ है। इन देशों में भारत के कट्टर दुश्मन चीन की मज़बूत पकड़ तेजी से बनती जा रही है, जो स्थिति भारत के लिए चिंताजनक है। अस्थिर पड़ोसी देशों के दोर में भारत को अब बेहद ही सावधान रहना होगा, अपनी सीमाओं पर होने वाली हर छोटी-बड़ी हलचल पर पैनी नज़र बनाए रखना होगा। सीमा से लगते देशों के बाहरी व अंदरुनी मामलों पर भी हर पल तेज नज़र बनाए रखनी होगी। विशेषकर बांग्लादेश से लगने वाले राज्य बंगाल में अब भारत सरकार को बहुत ही ध्यान देना होगा, भारत के अंदर भी धार्मिक व जातिगत उन्माद को बनने से रोकना होगा, तब ही भविष्य में भारत भी पूरी तरह से सुरक्षित रह सकता है।

## संक्षिप्त समाचार

### जलवायु परिवर्तन शमन के लिए सतत् ऊर्जा प्रणालियों पर दो दिवसीय कार्यशाला संपन्न




**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई में विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से 05 और 06 अगस्त 2024 को आयोजित जलवायु परिवर्तन शमन के लिए सतत ऊर्जा प्रणालियोंष् विषय पर दो दिवसीय कार्यशाला का समापन आज 06 अगस्त, 2024 को हुआ। प्रोफेसर डॉ. एम. के. वर्मा (माननीय कुलपति, सीएसवीटीयू, भिलाई) के मार्गदर्शन में यह कार्यक्रम विशेषज्ञों, शोधकर्ताओं, उद्योग पेशेवरों और नीति निर्माताओं को एक साथ लाने के लिए आयोजित किया गया है ताकि सतत ऊर्जा के भविष्य के लिए अभिनव समाधानों पर चर्चा और खोज की जा सके। कार्यशाला के अंतिम दिन प्रथम एवं द्वितीय सत्र में कई प्रतिष्ठित वक्ता एवं विषय विशेषज्ञ शामिल हुए जिनमें मुख्य रूप से प्रोफेसर अनवर शहज़ाद सिद्दीकी (जेएमआई, दिल्ली) ने एकीकृत सौर ऊर्जा के साथ विद्युत प्रणालियाँ पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर डॉ अनिल कुमार (डीटीयू दिल्ली) ने सीमेंट उत्पादन के लिए स्वच्छ ऊर्जा के माध्यम से सीओ2 शमन क्षमता पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। प्रोफेसर अभिषेक गांधार (डीन, बीवीसीओइ, दिल्ली) ने इलेक्ट्रिक वाहन, जलवायु परिवर्तन शमन के लिए एक प्रभावी संभावना पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. विकाश कुमार (एमएएनआईटी, भोपाल) ने अक्षय ऊर्जा, सौर ऊर्जा, टिकाऊ ऊर्जा पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इसके बाद, डॉ. आर.एन. पटेल, (निदेशक, सीएसवीटीयू फोर्टे) ने अपने व्याख्यान में सौर ऊर्जा का उपयोग घरो में खाना बनाने में, बिजली और खेतों में सिंचाई के लिए करने पर जोर दिया। डॉ. पी.के. घोष (निदेशक, यूटीडी, सीएसवीटीयू ) द्वारा कार्यशाला के संबंध में रिपोर्ट प्रस्तुत किया गया। कार्यशाला समापन समारोह में प्रोफेसर डॉ संजय अग्रवाल (सम कुलपति, सीएसवीटीयू) और अतिथि वक्ताओं द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गए। असिस्टेंट प्रोफेसर हरीश घृतलहरे (कार्यशाला समन्वयक) व पूर्वी चंद्राकर (कार्यशाला सह समन्वयक) द्वारा उपस्थित अतिथियों, मीडिया व सभी प्राध्यापकगण, शोधार्थी एवं विद्यार्थियों का धन्यवाद व आभार व्यक्त किया गया।

### मृतक के परिजनों को मिला 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने दुर्घटना में मृतक के परिजनों को 24 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परसदा, कोडिया तहसील धमधा जिला दुर्ग निवासी श्री कृष्णा यादव की विगत 03 दिसम्बर 2022 को तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी। इसी प्रकार ग्राम बठेना थाना व तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री गोपीनाथ वर्मा की विगत 13 अगस्त 2023 को आग में जलने से मृत्यु हो गई थी। ग्राम अरसनारा तहसील पाटन निवासी श्री कुंजन लाल साहू की विगत 26 जनवरी 2024 को तालाब में डूबने, ग्राम मोतिपुर सांकरा थाना अमलेश्वर तहसील पाटन जिला दुर्ग निवासी श्री मंगल सिंह की विगत 09 सितम्बर 2023 को तालाब में डूबने, ग्राम सिरसाकला तहसील भिलाई-3 जिला दुर्ग निवासी श्रीमती देवबती निषाद की विगत 29 जून 2021 को नाला के पानी में डूबने एवं वार्ड क्रमांक-16 जयंती नगर जिला दुर्ग निवासी श्री जितेश साय की विगत 24 अप्रैल 2023 को नदी में डूबने से मृत्यु हो गई थी। कलेक्टर द्वारा शासन के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन के प्रावधानों के अनुरूप स्व. कृष्णा यादव के पिता श्री दोमेन्द्र कुमार को 4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। स्व.गोपीनाथ वर्मा की पत्नी श्रीमती सुमन वर्मा, स्व. कुंजन लाल साहू के पिता श्री दिलेश्वर, स्व.देवबती निषाद की माता एवं स्व. जितेश साय की माता को 4-4 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका का दुर्ग आगमन

**दुर्ग ( समय दर्शन )।** छत्तीसगढ़ के महामहिम राज्यपाल श्री रमेन डेका का 7 अगस्त 2024 को दुर्ग आगमन होगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्यपाल श्री डेका अपराह्न 01.50 बजे सड़क मार्ग द्वारा राज भवन रायपुर से प्रस्थान कर अपराह्न 2.35 बजे दुर्ग सर्किट हाउस पहुचेंगे। महामहिम राज्यपाल अपराह्न 02.45 बजे दुर्ग के भिलाई इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (बीआईटी) सभागार पहुचेंगे।

# संकुल केंद्र बालसी में पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन संपन्न




**सरायपाली ( समय दर्शन )।** छ. ग. शासन स्कूल शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संभागीय संयुक्त संचालक रायपुर संभाग राकेश पांडे के निर्देश पर सहायक संचालक जाट सर जिला शिक्षा अधिकारी मोहन राव सावंत, डीएमसी (समग्र शिक्षा) कमल नारायण चन्द्राकर, विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी प्रकाशचंद्र मांझी एवं बीआरसीसी सतीश स्वरूप पटेल के मार्गदर्शन में आज 6 अगस्त 2024 को संकुल केन्द्र बालसी के अंतर्गत प्राथमिक शाला बालसी में पालक-शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन किया गया ।

शिक्षकों एवं पालकों के मध्य समन्वय, पालकों को उनके बच्चों की पढ़ाई में मदद हेतु समाधान का एक उपाय सुझाने के साथ-साथ समस्त पालकों को शिक्षा विभाग से संबंधित शासन की समस्त योजनाओं से अवगत कराने के उद् ?देश्य से आज उक्त मेगा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक पालको को संबोधित करते हुए संकुल प्राचार्य जो. पी. पटेल ने 12 महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। जिसमें मेरा कोना, छात्र दिनचर्चा, बच्चे ने आज क्या सीखा , बच्चा बोलेगा बेझिझक आदि विषय शामिल हैं। वहीं सेजेस प्राचार्य सरायपाली मनोज पटेल के द्वारा ह्रश्वक्क 2020, स्नस्रु, नवाजतन सहित शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम को पूर्व वि. खण्ड. शिक्षा अधिकारी एम एस कश्यप एवं सेवानिवृत्त व्याख्याता के.के. पाणिग्राही ने भी संबोधित किया ।बैठक में पालकों के साथ जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र, न्योता भोज, बच्चों की अकादमिक प्रगति, मेरा कोना, छात्र- दिनचर्या ,ड्रॉप आउट बच्चा आदि विषयों पर सामूहिक चर्चा की गई। साथ ही पालकों को संकुल समन्यक कामता पटेल के द्वारा विद्यार्थी विकास सूचकांक, जादुई पिटारा, मुस्कान पुस्तकालय,अंगना में शिक्षा , जाति प्रमाण पत्र, बालवाड़ी, दीक्षा एप, बढ़ते कदम, छात्रवृत्ति संबंधित विभिन्न योजना पर जानकारी देते हुए नवोदय, प्रयास, एकलव्य विद्यालय ,ह्रस्स्श्व के संबंध में भी चर्चा की गई।

उपरोक्त सभी चर्चाओं में पालकों की भी पूर्ण सहभागिता रही। इस दौरान पालकों की जिज्ञासाओं का भी समाधान किया गया। कार्यक्रम के दौरान विशेष रूप से निरीक्षण कर्ता के रूप में उपस्थित मुख्य नगर पालिका अधिकारी अशोक शर्मा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन से पालकों एवं शिक्षकों के मध्य आपसी संबंध प्रगाढ़? होता है जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में सहायक होगा उनके द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी पालको एवं शिक्षको को उल्लास साक्षरता शपथ दिलाया गया ।कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में विद्यार्थियों के पालक गण, गणमान्य नागरिक एवं संकुल के सभी शिक्षकगण उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी शिक्षकों का विशेष योगदान रहा ।कार्यक्रम का संचालन प्रकाश कुमार ठेठवार एवं आभार प्रदर्शन सहा. शिक्षक प्रमोद सामन्तराय के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सभी पालको एवं अतिथियों के द्वारा एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण किया गया।

## पत्रकारों ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत किया वृक्षारोपण

### यूनियन के द्वारा लोगों से की खास अपील



**शंकर लहरे/ महासमुंद ( समय दर्शन )।** छ ग जर्नलिस्ट वेलफेयर यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष अमित गौतम, महासमुंद जिला अध्यक्ष बलराज नायडू के मार्गदर्शन में पर्यावरण संरक्षण से जोड़ने के लिए अपने क्षेत्र में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत अपने मां के नाम से एक एक वृक्ष रोपण किया। इस दौरान सभी के नाम से फलदार और छायादार पौधे लगाए और उसकी देखभाल तथा सरंक्षण करने का भी संकल्प लिया। पिथौरा यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष गौरव चंद्राकर ने अपने साथियों के साथ मिलकर सभी वृक्ष का रोपण किया,जिसमे संतोष गुप्ता, राजा बाबू उपाध्याय, बद्री प्रसाद दुबे, युवराज चौहान प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

यूनियन के द्वारा लोगों से की खास अपील...: पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण करना बहुत जरूरी है। अगर हर एक व्यक्ति एक पौधा लगाएगा तो आने वाले समय में हमारी प्रकृति खुशहाल होगी पेड़-पौधे से हमें शुद्ध ऑक्सीजन मिलता रहेगा। दरअसल लगातार बढ़ रही वृक्षों की कटाई से पर्यावरण का संतुलन बिगड़ रहा है और तापमान में वृद्धि हो रही है। इसलिए लोगों से एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़ कर सभी को एक-एक पेड़ लगाने और उसकी देखभाल करने की अपील की है।

## जिला पंचायत सदस्य वृन्दावती सोमनाथ पाण्डे ने एक पेड़ मां के नाम के तहत किया वृक्षारोपण



**बसना ( समय दर्शन )।** जिला पंचायत सदस्य श्रीमती वृंदावती सोमनाथ पाण्डे ने विभिन्न ग्रामों में एक पेड़ मा के नाम अभियान अंतर्गत पौधारोपण कर लोगों को एक पेड़ मां के नाम थीम पर वृक्षारोपण करने प्रेरित किया ।

इस तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जेवरा,आंगनबाड़ी केन्द्र इंदरपुर, पूर्व माध्यमिक शाला इंदरपुर, आंगनबाड़ी केन्द्र गणेशपुर परिसर एवं

ग्रामं पंचायत सिंघनपुर जनपद पंचायत बसना प्राथमिक शाला एवं आंगनबाड़ी मे वृक्षारोपण कर , प्रधानमंत्री आवास के हित ग्राहियों एवं महतारी वंदन योजना के हितग्राहियो को पेड़ वितरण किया गया ।सिंघनपुर के आश्रित ग्राम जातापाली के आंगनबाड़ी का निरीक्षण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला संयोजक चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ. सोमनाथ पांडे , तरुण नर्मदा सरपंच सिंघनपुर , तपन भाई सरपंच बरबसपुर, सुरेश साहू प्राथमिक शाला सिंघनपुर, श्रीमती हेमबाई चौहान आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सिंघनपुर, श्रीमती धनमोती सोनी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता जातापाली, श्रीमती सरिता भोई , श्रीमती पुष्पांजलि बिशी ,श्रीमती सुमित्रा राजहंस, श्रीमती भूमिलता भोई, श्रीमती अनुराधा सोनी, श्रीमती हिमाद्री बाग ,श्रीमती गंगा बाग, श्रीमती गीता बरीहा,श्रीमती सानमोती बरिहा ,श्रीमती सत्यभामा बरीहा एवं स्कूल के छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे ।

इस कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी सुकराम निराला, सहायक वन परिक्षेत्र अधिकारी एवं अन्य वन कर्मचारी का विशेष सहयोग रहा।

बृंदावती पांडे जिला पंचायत सदस्य

## गड़बेड़ा विद्यालय में पालक शिक्षक मेगा बैठक संपन्न

### उपस्थित अतिथियों और शिक्षक द्वारा एक पेड़ माँ के नाम पर पौधा रोपित किया गया।



**शंकर लहरे/ महासमुंद( समय दर्शन )।** शासन के आदेशानुसार राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के चार वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 6 अगस्त 2024 को शहीद प्रमोद कुमार पटेल शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़बेड़ा में संकुल स्तरीय मेगा पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया । जिसमें शासन से प्राप्त निर्देशानुसार 12 बिंदुओं पर चर्चा की गयी। बैठक में मेरा कोना, छात्र दिनचर्या, बच्चों ने आज क्या सीखा, बच्चा बोलेगा बेझिझक,बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा, पुस्तक उपलब्धता, बस्ता रहित शनिवार, बच्चों के आयु कक्षा अनुरूप स्वास्थ्य परीक्षण एवं पोषण की जानकारी, जाति /आय /निवास प्रमाण पत्र , विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं /छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा , लम्बी अनुपस्थिति, सरस्वती साइकिल योजना, छात्रवृत्ति योजना, डिजिटल लाइब्रेरी की उपयोगिता आदि विषयों पर चर्चा की गई। कार्यक्रम के निरीक्षण में आये डीपीआई से सहायक संचालक ओ पी देवांगन तथा बी आर सी नरेश पटेल ने भी पालको को संबोधित करके चर्चा किये। मुख्य अतिथि लालाराम नाग अध्यक्ष शाला प्रबन्धन समिति,विशेष अतिथि गौरव चन्द्राकर सांसद प्रतिनिधि एवं पत्रकार तथा संकुल प्राचार्य नंदकुमार चौधरी के अध्यक्षता में कार्यक्रम शांतिपूर्ण संपन्न हुआ तथा कार्यक्रम का संचालक संचालन संकुल समन्वयक लोकनाथ सिंहा ने किया।
राष्ट्रीय शिक्षा नीति की सार बिंदु मेरा कोना श्रीमती लक्ष्मी पटेल, छात्र दिनचर्या श्रीमती सरस्वती पटेल ,बच्चों ने क्या सीखा वेद राम सिंहा, बच्चा बोलेगा बेझिझक संतोष साहू, बच्चों की अकादमिक प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा नंदकुमार चौधरी, पुस्तकालय कृष्ण कुमार ठाकुर, बस्तर रहित शनिवार हेमंत खूंटे, आय -जाति - निवास प्रमाण पत्र विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाएं और छात्रवृत्ति देवनारायण ध्रुव, न्योता भोज हितेश डिजिटल प्लेटफॉर्म नरेंद्र दीवान, द्वारा विभिन्न विषयों व कार्यक्रमों की जानकारी उपस्थित पालकों को दिया गया । इस अवसर पर योग गुरु भगवानदीन तथा गडबेड़ा चंदापरा, कसही बाहरा, पोटापारा, परसापाली के पालक प्रमुख रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत मे एक पेड़ माँ के नाम पर पौधा रोपित किया गया

## जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने DriEV.Bharat में किए ईवी ईकोसिस्टम में कई इंडस्ट्री-फर्स्ट फीचर्स लॉन्च

**रायपुरः** जेएसडब्ल्यू एमजी मोटर इंडिया ने DriEV.Bharat में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) के लिए इनोवेशन की एक श्रृंखला को पेश किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कंपनी की ओर से भारत मंडपम, नई दिल्ली में विविधतापूर्ण ऑटोमोटिव और ईवी ईकोसिस्टम के अग्रणी इंडस्ट्री खिलाड़ियों के साथ मिलकर किया गया था। अपनी तरह का पहला यह कार्यक्रम ईवी तकनीक को आगे बढ़ाने और इलेक्ट्रिक वाहनों को तेजी से अपनाने के साथ परेशानी मुक्त स्वामित्व अनुभव प्रदान करने के लिए मजबूत ईवी बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए निर्माताओं की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस कार्यक्रम में एमजी ईहब को लॉन्च किया गया, जो एक ओईएम की ओर से इंडस्ट्री का पहला और सबसे बड़ा चार्जिंग प्लेटफॉर्म है, प्रोजेक्ट रिवाइव, कारों के अलावा ईवी बैटरी को पुनः उपयोग करने पर केंद्रित है, ईवीपीडिया, इलेक्ट्रिक कार यूजर्स के लिए भारत का पहला समर्पित शैक्षणिक और जानकारी भरा प्लेटफॉर्म, एमजी-जियो इनोवेटिव कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म (MG-Jio ICP), जो आने वाले सभी एमजी वाहनों के लिए एक स्टैंडर्ड तौर पर मौजूद होगा। इनोवेशन और सस्टैनबिलिटी के लिए कंपनी की प्रतिबद्धता को उजागर करते हुए, एमजी की ओर से इंडस्ट्री का पहला चार्जिंग प्लेटफॉर्म ईहब को कार्यक्रम में पेश किया गया।

# उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम अंतर्गत मासिक परीक्षा के टॉपर बच्चों से मिले कलेक्टर

### स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय जांजगीर में हुआ उड़ान कार्यक्रम का आयोजन




**जांजगीर-चांपा ( समय दर्शन )।** उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम के तहत जिले में शिक्षा स्तर में बढ़ोतरी और शत प्रतिशत परीक्षा परिणाम के लिए विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। इसके तहत जिले में समयबद्ध सिलेबस पूर्ण करने के साथ साप्ताहिक तथा मासिक परीक्षा का भी आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में जुलाई के मासिक परीक्षा में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के जिले के टॉप 15 रैंक के लगभग 30 एवं नवोदय विद्यालय अभ्यास परीक्षा के शीर्ष 50 बच्चों को जांजगीर के स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय में आयोजित उड़ान कार्यक्रम में शामिल किया गया। बच्चों को मासिक परीक्षा में बेहतर अंक लाने के लिए पर्यटन स्थल शिविरीनाराण-खरौद एवं रामघाट के विभिन्न स्थलों का भ्रमण कराया गया, साथ ही विभिन्न मनोरंजक गतिविधियों में भी बच्चों को शामिल किया गया।

आज कलेक्टर आकाश छिकारा ने उत्कृष्ट जांजगीर-चांपा कार्यक्रम अंतर्गत मासिक परीक्षा के टॉपर बच्चों से मुलाकात की। उन्होंने बच्चों को अच्छे से पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही राज्य मेरिट सूची में जगह बनाकर जिले एवं अपने माता पिता का नाम रोशन करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों को परीक्षा में सफलता हासिल करने और मेरिट सूची में जगह बनाने के लिए सफल होने के टिप्स दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को कहा कि लगातार कड़ी मेहनत करने से सफलता निश्चित तौर पर मिलती है। अनुशासन के साथ समय प्रबंधन और नियमित पढ़ाई से अच्छे नंबरों से सफलता मिलती है।

इस दौरान कलेक्टर ने बच्चों को प्रेरित करते हुए कहा कि सिर्फजिले में ही टॉप नही करना है, राज्य में भी टॉप करना है। इसके अलावा प्रतियोगी परीक्षा में भी सफल होना है। उन्होंने मासिक परीक्षा के टॉपर बच्चों को पुरुस्कार देकर बधाई दी। इस दौरान सभी बच्चों ने हम होंगे कामयाब गाना गाकर सभी के अच्छे पढ़ाई के लिए स्वयं में आत्मविश्वास का जोश भरा। इस दौरान बच्चों ने निश्चित सफलता और मेरिट सूची में शामिल होने के लिए सफलता के गुर सिखने कलेक्टर से सवाल-जवाब भी किये। कलेक्टर ने बड़ी गंभीरता के साथ बच्चों के सवालों को सुनकर उन्हें सफल होने के लिए सिलेबस पूरा पढ़ने, पिछले वर्षो के प्रश्न पत्रों को हल करने और समय प्रबंधन के टिप्स दिये। उन्होंने कहा कि महीने और सप्ताहवार अध्ययन प्लान बनाकर दिसंबर तक सिलेबस पूरा करें। साथ ही बार बार टेस्ट दिलाये जिससे पढ़े हुए पाठ की परख होती रहती है। उन्होंने भूलने की समस्या को दूर करने के लिए लगातार रिवाइज करने की भी सलाह दी। इस दौरान तीन पालक का सम्मान भी किया गया। इस दौरान एस डी एम श्रीमती ममता यादव, जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्वनी भारद्वाज, श्रीमती रचना अग्रवाल, श्री जितेंद्र सिंह, श्री निराला, सहित विकासखंड शिक्षा अधिकारी विद्यार्थी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

## डॉ. हेमंत साहू को जिला अस्पताल के सिविल सर्जन का दोबारा मिला प्रभार



**दुर्ग (समय दर्शन)।** शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत कुमार साहू को जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के पद पर पदस्थ किया गया है। उनकी यह पदस्थापना आदेश लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग छत्तीसगढ़ शासन के अवर सचिव मुकेश चौहान द्वारा जारी की गई है। डॉ. साहू के पास इसके पहले भी जिला अस्पताल के इस पद का प्रभार था। डॉ. साहू को जिला अस्पताल दुर्ग के सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक के पद का दोबारा प्रभार मिलने पर मंगलवार को जिला अस्पताल जीवनदीप समिति के आजीवन सदस्य दिलीप ठाकुर,मानद सदस्य प्रशांत डोंगावकर, अस्पताल के मुख्य लिपिक जीपी उपाध्याय, एमएलटी रोशन सिंह एवं अन्य स्टॉफ ने मुलाकात कर उन्हें बधाई दी।

## निगम भिलाई ने 26278 हितग्राहियो के घर तक पहुंचाया उपयोगी प्रमाण पत्र

**भिलाईनगर (समय दर्शन)।** विकसित भारत के संकल्प को हर घर तक पहुंचाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार प्रतिबद्ध है, इसी क्रम में हमारे संगवारी द्वारा एक कॉल पर शासकीय सेवाए घर तक पहुंचायी जा रही है। इससे बिना परेशानी के सुगमता पूर्वक समय पर दस्तावेज और प्रमाण पत्र उपलब्ध हो जा रहे है। नागरिको की मूलभूत प्रमाण पत्र जो उनके दैनिक उपयोग के लिए बहुत आवश्यक है। घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के माध्यम से पहुंच जा रहा है। यह योजना छत्तीसगढ़ के 14 नगर निगमों में चल रही है। प्रदेश में भिलाई नगर निगम का तीसरा स्थान है। कोई भी नागरिक अपनी आवश्यकता के अनुसार शासन द्वारा जारी किये गये टोल फ्री नम्बर 14545 पर फोन करके अपने घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के एजेंट को बुला सकता है, जो आवश्यक दस्तावेज घर से लेकर समय अवधि में घर पर ही प्रमाण पत्र बनवाकर पहुचा देता है। इस सुविधा का उददेश्य है, नागरिको को आफिसो तक न आना पड़े। उनके समय की बचत हो। सभी आवश्यक प्रमाण पत्र उनके घर बैठे बैठे मोर संगवारी सेवा के अंतर्गत मिल जाये। यह सभी वर्ग के लिए बहुत ही उपयोगी सिद्व हो रहा है। नगर निगम भिलाई द्वारा अभी तक 26278 प्राप्त आवेदन का निराकरण करके नागरिको को लाभ पहुंचाया गया है। जिसमें प्रमुख रूप से विवाह प्रमाण पत्र के कुल- 1969, मृत्यु प्रमाण पत्र के कुल-309, जन्म प्रमाण पत्र के कुल-376, दुकान एवं स्थापना पंजीयन/गुमस्ता लाइसेंस के कुल-314, 0 से 5 वर्ष तक के बच्चों का आधार पंजीयन के कुल-8648, पेनकार्ड सेवा के कुल-236, आधार मोबाईल नम्बर अपडेट के कुल-10110, मूल निवासी प्रमाण पत्र के कुल-1169, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र के कुल-56, पिछड़ा वर्ग प्रमाण पत्र के कुल-254, आय प्रमाण पत्र के कुल-2428, एपीएल राशन कार्ड के कुल- 151, विवाह सुधार प्रमाण पत्र के कुल-81 प्रमाण पत्र एवं अन्य प्रमाण पत्र के कुल- 177 बनाकर घर तक पहुचाया गया।

## जिला अस्पताल मरचुरी मार्ग से एक बार फिर हटाये गये फुटपाथी दुकानदारो को

**दुर्ग।** नगर निगम आयुक्त लोकेश चन्द्राकर के निर्देश पर राजस्व विभाग एवं अतिक्रमण दस्ते ने मंगलवार को एक बार फिर नाना-नानी पार्क,राजेन्द्र पार्क चौक सहित पटेल चौक से उतई चौक,गांधी प्रतिमा के आस पास के अलावा जिला अस्पताल मरचुरी मार्ग से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की।सुबह से शुरू हुई कार्रवाई दोपहर तक जारी रही।सहायक राजस्व अधिकारी शुभम गोइर द्वारा सहायक अतिक्रमण प्रभारी चंदन मनहरे,विनीत वर्मा एवं तोड़ूदस्ता अमला के साथ जिला अस्पताल मार्ग में स्थित लगभग दो दर्जन से अधिक ठेला व गुमटियों को हटाया। इस दौरान अधिकारियों ने दुकानदारों को दोबारा दुकान न रखने की नसीहत दी।अचानक हुई कार्रवाई से फुटपाथी दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान कई दुकानदार कार्रवाई के डर से अपनी दुकान को छोड़कर गायब हो रहे थे।अधिकारी शुभम द्वारा बताया गया कि जिला अस्पताल के बाजू मरचुरी मार्ग पर अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई दो से तीन बार की जा चुकी है।

# शहर में हो रही लगातार बारिश के कारण अधिकांश सड़के गड्ढो में तब्दील





**दुर्ग (समय दर्शन)।** शहर में हो रही लगातार बारिश के कारण अधिकांश सड़के गड्ढो में तब्दील हो गई। जिसके कारण दुर्घटना होने की पूर्ण संभावना को देखते हुए निगम प्रशासन महापौर धीरज बाकलीवाल इस ओर तत्काल ध्यान दे कर मरम्मत करने की मांग करते हुए पूर्व पार्षद व दुर्ग जिला थोक उपभोक्ता भंडार के अध्यक्ष विनोद ताम्रकार ने कहा नई सड़के, मुख्य मार्ग, गया नगर, उरला जाने वाले मार्ग, सांई नगर बघेरा की सड़को गड्ढ़ो में तब्दील हो गई, किन्तु महापौर इस पर गंभीर नही है। श्री ताम्रकार ने कहा कि महापौर दुर्ग की गलियों व सड़को को देखते निकते व जहां-जहां गड्ढो उस स्थानों पर पेचिंग का कार्य प्रारंभ कराये आऊटर कालोनियों में जहा सड़क दे। वह स्थल दलदल नुमा हो चुका है सड़के तालाब का रूप ले चुकी है। इससे कभी भी गंभीर हादसा हो सकती है। जबकि सबसे बुरा हाल सांई नगर बघेरा का है जहां ना सड़के है न ही नालियां महापौर से आग्रह है कि ऐसे स्थलों पर तत्काल सडज़क मरम्मत कार्य प्रारंभ कारए।

## संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक संकुल बिरईनडबरी में सम्पन्न हुआ





**बसना (समय दर्शन)।** बसना ब्लाक के अंतिम छोर और वनांचल क्षेत्र मे संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक संकुल बिरईनडबरी में सम्पन्न हुआ। जिसमें संकुल समन्वयक महेश नायक ने पालक, शिक्षक मेगा बैठक के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि कुल 12 बिंदुओं पर पालकों और शिक्षकों को जानकारी दी गई। जिससे बच्चों की दिनचर्या और शिक्षा नियमित हो जिसमें (1) मेरा कोना (2) छात्र दिनचर्या (3) बच्चे ने आज क्या सिखा (4) बच्चा बोलेगा बेझिझक (5) बच्चों की अकादमी प्रगति एवं परीक्षा पर चर्चा (6) पुस्तक की उपलब्धता सुनिश्चित करना (7) बस्ताविहिन शनिवार (8) विद्यार्थीयों के आयु / कक्षानुरुप स्वस्थ परीक्षा एवं पोषण की जानकारी (9) जाति, आय, निवास प्रमाण पत्र (10) न्योता भोज (11) विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं, छात्रवृत्ति एवं विभागीय योजनाओं की जानकारी पर चर्चा (12)विभिन्न डिजिटल प्लेटफार्म के माध्यम से शिक्षा हेतु पालक एवं छात्रों को अवगत कराया , जिसमें मुख्य रूप से नोडल प्राचार्य किशोर कुमार ओंगरे,प्रधान पाठक विजय धृतलहरे एवं समस्त शिक्षकगण प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक शाला, बिलखंड, विरेंद्र नगर, तिलाईदादर,स्वरुपपुर, रंगमटिया, दलदली, गढ़गांव, बिरईनडबरी और पालकगण उपस्थित रहे।

## बंसूला मे संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक सम्पन्न

### शासकीय प्राथमिक व पूर्व माध्यमिक शाला बंसूला मे शिक्षक पालक मेगा बैठक सम्पन्न हुआ





**बसना (समय दर्शन)।** छत्तीसगढ़ शासन शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार संकुल स्तरीय पालक शिक्षक मेगा बैठक उच्च प्रा शाला बंसुला में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में मनोज अग्रवाल जनपद सदस्य प्रतिनिधि, लोकेश्वर सिंह कंवर एवम् बद्रीप्रसाद जोल्हे सहायक विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी, बलदेव मिश्रा प्राचार्य, गोवर्धन डडसेना संकुल समन्यवक, सौकीलाल बारीक पूर्व प्रधान पाठक, उपस्थित थे। सर्वप्रथम अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती एवं भारत माता के प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन पश्चात अतिथियों का स्वागत पुष्पहार एवम् तिलक लगाकर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथियों के द्वारा पालकों को संबोधित किया गया। मिश्रा सर ने बैठक के महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर पालकों के साथ चर्चा किया। इस कार्यक्रम में पूरे संकुल से 200 के लगभग पालक एवम् समिति के पदाधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर सभी विद्यालय के प्रधान पाठक अनिता बारिक, संतोषी साहू, पदमिनी साहू, कौशल बेहेरा, गीतांजली नाग, शशि कुमार साव, प्रकाशिनी नंद तथा सभी विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रधान पाठक दिनेश डडसेना एवम् प्रवीर कुमार बेहेरा की मुख्य भूमिका रही। कार्यक्रम का सफल संचालन सुशील कुमार सिन्हा प्रधान पाठक कुडेकेल के द्वारा किया गया। अंत में आभार प्रदर्शन राजेश भोई के द्वारा किया गया।

## किरारी में नागपंचमी मेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन




**जांजगीर-चांपा (समय दर्शन)।** अकलतरा ग्राम पंचायत किरारी में प्रतिवर्ष लगने वाला नाग पंचमीमेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन 9 अगस्त शुक्रवार को होगा । नाग पंचमी के दिन सुबह से ही गुरुवाईन दाई मंदिर में नाग देवता के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दूर से भारी संख्या में आते हैं । गुरुवाईन दाई के दर्शन कर दुध लाई नारियल अगरबत्ती चढ़ा करके अपनी मन्नत मांगते हैं गुरुवाईन दाई मंदिर के प्रति लोगों में अथक श्रद्धा है यहां प्रतिवर्ष लगने वाला नाग पंचमी मेला के साथ-साथ निशुल्क कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होता है जिसको देखने के लिए लोगों में काफी उत्साह रहता है। उप सरपंच राजेंद्र साहू ने बताया की इस वर्ष कबड्डी 9:30 बजे प्रारंभ किया जाएगा खिलाड़ी बंधुओ से विशेष आग्रह है अपना एंट्री 9:00 बजे से पहले कर ले उसके बाद खिलाड़ी का एंट्री नहीं किया जाएगा खिलाड़ी बंधुओ से विशेष आग्रह है कि आप लोग अधिक से अधिक संख्या में पधारे कबड्डी प्रतियोगिता में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं है लेकिन खिलाड़ियों का प्रवेश पंजीयन सुबह 9:00 बजे तक ही किया जाएगा उसके बाद प्रवेश नहीं लिया जाएगा । जो टीम सहित पहले खेलने आएंगे उसे पहले खिलाया जाएगा जिसमें मुख्य अतिथि राघवेंद्र सिंह विधायक अकलतरा, मुख्य अभ्यागत सौरभ सिंह पूर्व विधायक अकलतरा, अध्यक्ष शिवानी सुशांत सिंह अध्यक्ष जनपद पंचायत अकलतरा, विशिष्ट अतिथि चुन्नीलाल साहू पूर्व विधायक अकलतरा ,दिनेश सिंह पूर्व भाजपा प्रत्याशी अकलतरा विधानसभा ,जयप्रकाश धर दिवान ,घनश्याम , महेश्वर कश्यप, विजयभूषण वैष्णव जनपद सदस्य ,फुलेश्वरी बाई चौहान सरपंच किरारी राजेंद्र साहू उपसरपंच किरारी, सिजय जगत अध्यक्ष खेल समिति किरारी गरिमा में उपस्थित रहेगी प्रथम पुरस्कार 10000 हजार नगद व शील्ड ,द्वितीय पुरस्कार 7000 हजार नगद व शील्ड, तृतीय पुरस्कार 5000 हजार नगद व शील्ड ,एवं सांत्वना पुरस्कार 3000 हजार नगद शील्ड रखा गया है ।आप सभी से विशेष आग्रह है की अधिक से अधिक संख्या में आए और मां गुरुवाई दी मंदिर का दर्शन कर नाग पंचमी मेला एवं कबड्डी प्रतियोगिता का आनंद लाभ उठाएं।

## विधानसभा चुनाव में कांग्रेस से टिकट दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी, आरोपी गिरफ्तार




**पिथौरा (समय दर्शन)।** पिथौरा मे विधानसभा चुनाव के समय में कांग्रेस से टिकट दिलाने के नाम पर 20 लाख रुपए की ठगी का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को रिमांड पर भेजा है।

आरोपी विराट रामकर (35) पिता हरीलाल रामकर परसागुड़ा थाना भनपुरी जिला बस्तर का रहने वाला है। शिकायतकर्ता ग्राम कंवरपाली थाना सिंघोडा निवासी डोलचंद पटेल पिता सीताराम पटेल निवासी ने मामले की शिकायत थाने में की थी। उन्होंने बताया, पूरी कहानी होटल उड़केस्टल में रची गई। सरायपाली विधानसभा से कांग्रेस से विधायक की टिकट दिलाने के नाम पर आरोपी ने दो खेप में 20 लाख रुपए की ठगी की है।

विधानसभा में टिकट दिलाने के नाम पर पहली बार में 5 लाख रुपए पिथौरा के गाठी ढाबा में और दूसरी बार 15 लाख रुपए होटल उडकेस्टल रायपुर में लिया गया। यश देवांगन के संपर्क में आने के बाद डोलचंद ने विराट रामकर को रकम दिया था। पिथौरा पुलिस ने विराट के खिलाफ धारा 420 के तहत मामला दर्ज कर उसे रिमांड पर जेल भेज दिया गया है ।

# कलेक्टर ने नये भवन में महिला घरौंदा का किया शुभारंभ




**बिलासपुर (समय दर्शन)।** कलेक्टर अवनीश शरण ने आज तिफरा फल मण्डी के समीप आश्रय दत्त कर्मशाला में महिला घरौंदा के लिए नये भवन का शुभारंभ किया। इसके पूर्व यह संस्था डीपूपारा में संचालित थी। उन्हें और बेहतर सुविधा प्रदान करने के लिए इस नये सुविधायुक्त भवन में शिफ्ट किया गया है। समाज कल्याण विभाग से अनुदान प्राप्त विकास सेवा संस्थान द्वारा इसका संचालन किया जाता है। वर्तमान में मानसिक विकलांगता से ग्रसित 25 महिलाओं की देख-रेख एवं लालन पालन इसमें किया जा रहा है। नगर निगम आयुक्त अमित कुमार एवं संयुक्त संचालक समाज कल्याण श्रद्धा एस मैथ्यू भी उपस्थित थीं।

कलेक्टर ने शुभारंभ के बाद नये भवन एवं परिसर का अवलोकन किया और व्यवस्थाएं देखी। उन्होंने संस्था अधीक्षक को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ताकि दिव्यांग महिला हितग्राहियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। घरौंदा संस्था भारत सरकार के राष्ट्रीय न्यास से पंजीकृत एवं समाज कल्याण विभाग से मान्यता प्राप्त है। संस्था की अधीक्षक अंशु गौड़ एवं उपाध्यक्ष अमित भूषण द्वारा कलेक्टर महोदय को संस्था के क्रियाकलापों की पूरी जानकारी दी। इस अवसर पर कलेक्टर द्वारा दिव्यांग हितग्राहियों को फल एवं स्वल्पाहार वितरित किया गया। इस संस्था के नये भवन में दो बड़े हॉल, डायनिंग कक्ष, रसोई घर, दो थेरेपी कक्ष, सांस्कृतिक गतिविधियों हेतु कक्ष, कार्यालय एवं अधीक्षक कक्ष, के साथ परिसर में स्वस्थ वातावरण बनाने के लिए खुली जगह के साथ-साथ बरामदा की व्यवस्था है। कलेक्टर ने समाज कल्याण विभाग के संयुक्त संचालक श्रद्धा एस मैथ्यू को निर्देशित किया कि संस्था की गतिविधियों का नियमित रूप से निरीक्षण कर जिला प्रशासन को रिपोर्ट दें। कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त ने इस अवसर पर एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत घरौंदा परिसर में फलदार पौधे लगाए। इस अवसर पर उप नियंत्रक ब्रेल प्रेस हरीश सक्सेना, सहायक सांख्यिकी अधिकारी प्रशांत मोकासे, उत्तम राव, परिवीक्षा अधिकारी सरस्वती रामेश्री, बीना दीक्षित प्रशासनिक अधिकारी आश्रयदत्त कर्मशाला के साथ-साथ घरौदा परिवार अंशु गौड़, रूमी दुबे, हेमराज के साथ-साथ समाजसेवी संस्था सक्षम के पदाधिकारी एवं समाज कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## खबर-खास

### पीएम आवास योजना से अपने सपनो का घर पाएं,30 अगस्त तक संपूर्ण राशि जमा नही करने पर आवंटन निरस्त की होगी कार्रवाही



**दुर्ग (समय दर्शन)।** नगर पालिका निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत में प्रधानमंत्री आवास योजना के घटक मोर मकान मोर आस ( एएचपी ) के तहत कुल 1502 मकान का निर्माण कराया जा रहा है जिसमें स्थान मां कर्मा के 108 मकान में से आवंटन 7 लोगो किया गया,इसके अलावा फॉर्च्यून 36 में 16 मकान आवंटन किया गया।गणपति विहार के 108 में 63 मकानों के आबंटन किया। गोकुल नगर के 336 मकानों में 32 आबंटन, सरस्वती नगर में 522 मकानों में 27 समेत पोटिया कला के 116 में से आवंटन दिया गया है। कुल 261 हितग्राहियों को आवंटन पत्र दिया जा चुका है। टोटल कुल 1502 मकान में से लॉटरी के माध्यम से 557 लोगों को आवास आवंटन किया गया है एवं शेष 945 आवासों का आवंटन किया जाना प्रस्तावित है पोटिया कला 116 में 10 लोगों द्वारा संपूर्ण राशि जमा करके आधिपत्य ले लिया गया है।बाकी 106 जिनका आबंटन हो चुका है। वे हितग्राही तत्काल निर्धारित राशि जमा करके अपने आवास का अधिपत्य पत्र नगर निगम से ले सकते हैं। नगर निगम ने हितग्राहियों से अपील कर कहा 30 अगस्त 2024 तक अपनी संपूर्ण राशि जमा करें अथवा आवंटन निरस्त करने की कारवाई किया जाएगा।हितग्राहियों के सहयोग के लिए नगर निगम द्वारा डाटा सेंटर प्रधानमंत्री आवास कार्यालय में फाइनेंस कंपनी के माध्यम से श्रेणी लेकर की संपूर्ण राशि एक साथ जमा किया जा सकता है!-लोन लेने गाइड लाइन:हितग्राहियों के लिए सुविधा नगर निगम के डाटा सेंटर दुर्ग में प्रधानमंत्री आवास कार्यालय में फाइनेंस कंपनी के माध्यम से एक साथ बैंक आबंटितियों को बिना किसी अतिरिक्त गारेंटर मात्र एक आधार कार्ड, राशन कार्ड एवं संबंधित आबंटित आवास के आफर लेटर एवं पूर्व में जमा हुई रसीद को आधार मान कर नगर निगम के विश्वास पर ऋण प्रदाय कर रहे है।प्रत्येक बैंक का अपना-अपना ऋण प्रदान करने का नियमावली होता है। जिसमें सुविधाओं के अनुसार बैंक का ब्याज दर निर्धारित रहता है। अपनी सुविधा के अनुसार हितग्राही लोन प्राप्त कर सकता है। इसमें नगर निगम दुर्ग का किसी प्रकार का दबाव नहीं रहता। वह अन्य बाहरी बैंक से भी लोन प्राप्त कर सकता है।नगर निगम का यही प्रयास रहता है हितग्राही अपने किश्त - की राशि जमा करके आबंटित मकान में निवास करें।लोन लेकर संपूर्ण राशि एक साथ जमा कर अपने सपनो का आशियाना ले सकते है।

### प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 08 अगस्त को

**दुर्ग (समय दर्शन)।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा जिले में नियोजक द्वारा उपलब्ध 77 रिक्त पदों को भरने के लिए प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन 08 अगस्त को सुबह 10.30 बजे से जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग में किया जाएगा। प्लेसमेंट कैम्प में नियोजक वास्लोह बीके कास्टिंग लिमिटेड के 2, एडलवाइस लाइफ इंश्योरेंस कंपनी के 10, स्टारेक्स मिनरल्स इंडिया प्राईवेट लिमिटेड के 54, हेवी मशीन ड्राईवर के 10, टेंडर/सेल्स ऑफिसर के एक पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग के उप संचालक श्री आर.के.कुर्रे के अनुसार इच्छुक आवेदक समस्त शैक्षणिक मूल प्रमाण एवं अंकसूची, पहचान पत्र (मतदाता परिचय पत्र, आधार कार्ड, पेन कार्ड, ड्रायविंग लाइसेंस, राशन कार्ड) रोजगार कार्यालय का पंजीयन पत्रक, छ.ग.निवास प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित हो सकते हैं। पदों, योग्यता, आयु एवं अनुभव से संबंधित जानकारी आवेदक प्लेसमेंट कैम्प स्थल पर प्राप्त कर सकते हैं।

### जिले में अब तक 443.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज

**दुर्ग/** जिले में 01 जून से 06 अगस्त तक 443.9 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गई है। कार्यालय कलेक्टर भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक सर्वाधिक वर्षा 750.0 मिमी पाटन तहसील में तथा न्यूनतम 308.1 मिमी धमधा तहसील में दर्ज की गई है। इसके अलावा तहसील दुर्ग में 384.6 मिमी, तहसील बोरी में 329.2 मिमी, तहसील भिलाई 3 में 401.8 मिमी और तहसील अहिवारा में 489.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

# अभियान चलाकर लंबित प्रकरणों का करें निराकरण - कलेक्टर सुश्री चौधरी

- प्रकरण निराकरण के संबंध में आवेदकों को कराये अवगत
- स्वच्छता सर्वेक्षण पर ध्यान देवें अधिकारी
- नगरीय निकायों में सड़क संधारण कार्य जारी रखें
- कलेक्टर ने की समय-सीमा प्रकरणों की समीक्षा



**दुर्ग (समय दर्शन)।** कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक में समय-सीमा प्रकरणों की विभागवार समीक्षा की। साथ ही निराकृत प्रकरणों की जानकारी ली। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीजीएन, कलेक्टर जनचौपाल और सार्थ-ई एप के लंबित आवेदनों का निराकरण अभियान चलाकर समयावधि में निराकृत करने अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने कहा कि आवेदन के निराकरण अथवा निराकृत नहीं होने की स्थिति में इसकी जानकारी संबंधित आवेदक को दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा निराकृत प्रकरणों को लंबित सूची के विलोपित कराने अधिकारी आवश्यक पहल करें। उन्होंने सेवानिवृत्त अधिकारी-कर्मचारियों के पेंशन प्रकरण की जानकारी ली। साथ ही संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा तथा जिला कोषालय द्वारा लगाई गई आपत्ति के तत्परतापूर्वक निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर सुश्री चौधरी ने नगरीय निकायों में स्वच्छता सर्वेक्षण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों के वार्डों में स्वच्छता निरीक्षण हेतु अधिकारियों को पांच-पांच वार्डों का भ्रमण कर जानकारी संबंधित सीएमओ को अवगत कराने के दायित्व सौंपे गये हैं। कलेक्टर ने कहा कि जिस प्रकार मेगा पीटीएम के मॉनिटरिंग हेतु अधिकारियों ने अपने रूचि प्रदर्शित की हैं। इसी प्रकार वे नगरीय निकायों के वार्डों के स्वच्छता मॉनिटरिंग की दायित्व भी सफलतापूर्वक करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने निर्माण कार्य एजेंसी विभागों को अवगत कराया कि शासन के निर्देशानुसार विगत वित्तीय वर्ष के जो निर्माण कार्य अप्रारंभ है, ऐसे सभी कार्य निरस्त हो गया हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री आवास (शहरी) से संबंधित लंबित आवेदन का प्रस्ताव स्वीकृति हेतु शासन को भेजा जाए। कलेक्टर ने नगरीय निकायों के हर वार्डों में उद्यान हेतु जमीन चिन्हांकित करने और पूर्व चिन्हित स्थानों पर उद्यान विकसित करने के कार्यों में प्रगति लाने संबंधित सीएमओ को निर्देशित किया। उन्होंने नगरीय निकायों में सड़क संधारण एवं पेच वर्क कार्य जारी रखने के निर्देश दिये। बैठक में अधिकारियों को छत्तीसगढ़ व्यवसायिक परीक्षा मण्डल द्वारा आयोजित आगामी परीक्षाओं के लिए आब्जर्वर की ड्यूटी लगाने हेतु संबंधित विभाग के अधिकारियों की जानकारी निर्धारित प्रारूप में जिला कार्यालय को उपलब्ध कराने कहा गया। इसी प्रकार गतिशक्ति योजना से संबंधित जानकारी भी निर्धारित प्रारूप में उपलब्ध कराने कहा गया है। बैठक में एडीएम श्री अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त श्री देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त श्री दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी एवं श्री विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए अधिकारियों को दी गई जिम्मेदारी




- जिला मुख्यालय में पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित होगा स्वतंत्रता दिवस मुख्य समारोह
- समारोह में स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम की होगी प्रस्तुति

**दुर्ग (समय दर्शन)।** प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन जिले में गरिमामयी एवं हर्षोल्लास के साथ जिला मुख्यालय स्थित पुलिस परेड ग्राउण्ड दुर्ग में आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 9:00 बजे से किया जाएगा। सभी शासकीय कार्यालयों में सुबह 8:00 बजे ध्वजारोहण किया जाएगा। स्वतंत्रता दिवस समारोह आयोजन के लिए कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने आज अधिकारियों की बैठक में विभागवार जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने परेड की रिहर्सल प्रारंभ करने निर्देशित किया है। जिला आरक्षक बल, विशेष बल, केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल, होमगार्ड के जवान परेड में शामिल होंगे। इसी प्रकार सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए समिति बनाने तथा जिला शिक्षा अधिकारी को स्कूली बच्चों का सांस्कृतिक कार्यक्रम तैयारी प्रारंभ करने कहा है। कार्यक्रम स्थल में बेरिकेटिंग एवं बैठक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, साफ सफाई, पेयजल, शौचालय सहित शामियाना, कुर्सियां, लाउडस्पीकर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम दुर्ग/रिसाली को, विशिष्ट अतिथियों के लिए आवश्यक व्यवस्था के लिए लोक निर्माण विभाग को, कार्यक्रम स्थल में चबूतरा निर्माण, झण्डे आदि की व्यवस्था के लिए लोक निर्माण व रक्षित निरीक्षक को जिम्मेदारी दी है। मंच सजावट के लिए उद्यानिकी विभाग को, विद्युत कनेक्शन, जनरेटर आदि की व्यवस्था के लिए नगर निगम एवं विद्युत एवं यांत्रिकी विभाग को, सम्मानीय अतिथियों की बैठक व्यवस्था के लिए प्रभारी अधिकारी प्रोटोकॉल, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को ध्वजारोहण पश्चात् रंग बिरंगी गुब्बारे आसमान में छोड़ने के लिए उद्योग विभाग को दायित्व दिए गए हैं। मुख्य अतिथि का परेड निरीक्षण के लिए वाहन व्यवस्था हेतु पुलिस विभाग को, मुख्यमंत्री का संदेश वाचन के लिए पुस्तिका की व्यवस्था के लिए जनसंपर्क विभाग को, कार्यक्रम स्थल में उद्घोषक के लिए शिक्षा, पर्यावरण एवं अदिवासी विकास विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। प्रमुख चौक-चौराहों पर देशभक्ति गीत-संगीत के प्रसारण के लिए नगर निगम दुर्ग-भिलाई को, कार्यक्रम का विडियो एवं फोटोग्राफी के लिए जनसंपर्क विभाग एवं खनिज विभाग को जिम्मेदारी दी गई है। पुलिस परेड ग्राउण्ड में मुख्य अतिथि द्वारा ध्वजारोहण की व्यवस्था की जिम्मेदारी पुलिस अधीक्षक दुर्ग और लोक निर्माण विभाग को दी गई है। आमंत्रण पत्रों का मुद्रण एवं प्रोटोकॉल अनुसार वितरण के लिए सी.ई.ओ. जिला पंचायत, वरिष्ठ लिपिक शाखा, प्रोटोकॉल शाखा को जिम्मेदारी दी गई है। बैठक में एडीएम श्री अरविन्द एक्का, नगर निगम भिलाई के आयुक्त श्री देवेश ध्रुव, नगर निगम दुर्ग के आयुक्त श्री लोकेश चन्द्राकर, नगर निगम रिसाली के आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा, नगर निगम भिलाई चरोदा के आयुक्त श्री दशरथ राजपूत, संयुक्त कलेक्टर श्री हरवंश सिंह मिरी एवं श्री विरेन्द्र सिंह, सभी एसडीएम, सभी जनपद सीईओ, नगरीय निकायों के सीएमओ सहित समस्त विभाग के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित थे।

# जन समस्या निवारण शिविर में पहुंचे महापौर, किए आमजनों से भेंट मुलाकात



### जन समस्या निवारण पखवाड़ा शिविर में 66 आवेदनों का मौके पर हुआ त्वरित निराकरणः

**दुर्ग (समय दर्शन)।** नगर पालिक निगम क्षेत्रांतर्गत मंगलवार को 5 वार्डो के लिए एक साथ जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ आयुक्त लोकेश चन्द्राकर वार्ड क्र.38 में आयोजित शिविर में पहुंचे। शिविर में समस्या व शिकायत लेकर आए हुए नागरिकों से भेंट मुलाकात की। उनकी समस्याओं को जाना। साथ ही हितग्राहियों से समस्याओं के संबंध में जानकारी ली।शिविर की व्यवस्थाओं को देखा तथा जन समस्याओं के निराकरण के संबंध में अधिकारियों का मार्गदर्शन किया।महापौर धीरज बाकलीवाल के साथ संजय कोहले,दीपक साहू,पार्षद सुश्री नीता जैन,श्रद्धा सोनी, प्रकाश जोशी,पूर्व पार्षद फतेह सिंह भाटिया,कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम,उपअभियंता हरिशंकर साहू, राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता, जनसम्पर्क अधिकारी थानसिंह यादव,उप अभियंता विनोद मांझी,बाजार अधिकारी ईश्वर वर्मा,अभ्युदय मिश्रा मौजूद रहें।जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन वार्ड क्रमांक 36,37,38,39 एवं 40 में किया गया। जिसमें मांग एवं समस्या पर आधारित 103 आवेदन प्राप्त हुए। मौके पर 66 आवेदनों का निराकरण किया एवं शेष 37 आवेदनों को विभागीय अधिकारियों को सौंपा गया। शिविर में लोगों की समस्याएं सुनी और निराकरण की पहल की। लोगो के द्वारा मूलभूत सुविधाओं के विस्तार स्वनिधि,कब्जा हटाने, सड़क, बिजली, सड़क व नाली की मरम्मत,नल कनेक्शन समेत राशन कार्ड समेत अन्य आवेदन शामिल रहे।शिविर निरीक्षण के दौरान महापौर धीरज बाकलीवाल ने लोगों की समस्या सुनी और मौजूद अधिकारियों को जल्द निराकरण करने निर्देश दिए.नल कनेक्शन की मांगों के भी आवेदन प्राप्त हुए,जन समस्या निवारण शिविर में लोगों ने अपने वार्ड विकास की दृष्टि से जहां लाइट, बिजली पोल,सड़क, नाली, जैसी मांगे रखी,जिसे शिविर में पहुँचकर वर्षों पुराना अवैध कब्जा कर सड़क बाधित करते हुए एवं नाली के ऊपर पार्किंग की शिकायत भी की गई।

# शिविर में जाति प्रमाण पत्र बनाने आए आवेदन का हुआ निवारण






**रिसाली (समय दर्शन)।** जनसमस्या निवारण शिविर के आठवे दिन रूआबांधा दशहरा मैदान में 4 लोगों का जाति प्रमाण पत्र बनाकर दिया गया। वहीं एक को आय प्रमाण पत्र दिया। निगम आयुक्त मोनिका वर्मा के मार्गदर्शन में चल रहे शिविर में 291 प्राप्त मांग में 107 और 14 शिकायतों में 4 का निराकरण किया गया।

महापौर शशि सिन्हा की मौजूदगी वाले जनसमस्या निवारण शिविर में राजस्व विभाग ने ऐसे आवेदनों का त्वरित निराकरण किया, जिसमें लोगों को भटकना पड़ रहा था। शिविर स्थल पहुंचे सूर्यनाथ गौतम, परमीला, प्रीती और भावेस सेन का जाति प्रमाण पत्र बनाकर सौंपा गया। इसके अलावा प्रिया शर्मा पति किशोर शर्मा का आय प्रमाण पत्र जारी किया गया। शिविर में महापौर शशि सिन्हा रूद्र कुमार कौशिक का अन्न प्राशन्न और जया राजपूत की गोदभराई की। इस अवसर पर एमआईसी सद्स्य सोनिया देवांगन, पार्षद सारिका साहू, टिकम साहू, ममता यादव, शीला नारखेड़े, माया यादव, रेखा देवी, जमुना ठाकुर, पार्वती महानंद, रंजिता बेनुआ, विधायक प्रतिनिधि मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, भाजपा महामंत्री राजू जंघेल, दशरथ साहू आदि उपस्थित थे।

**43162 रूपए की वसूली-** शिविर में आए 3 नामंत्रण आवेदन में से 2 का निराकरण किया गया। वहीं 2 लोगों ने 43162 रूपए टैक्स की राशि जमा की। इसके अलावा 1 ने टैक्स जमा करने आई.डी. बनवाया। शिविर में 148 लोग ऐसे थे जो राशन कार्ड में नाम जुड़वाना या कटवाना चाहते थे। आम लोगों ने सामूहिक रूप से नाली सफाई, बंद स्ट्रीट लाइट को चालू करने की मांग की थी। जिसका निराकरण मौके पर ही किया गया।

कर्मचारियों ने मांगा 4 प्रतिशत डीए

जनसमस्या निवारण शिविर में नगर पालिक निगम रिसाली के कर्मचारी संगठन ने भी निगम सचिव को मांग पत्र सौंपा। केन्द्र के सामान 4 प्रतिशत डीए बढ़ाने कहा। कर्मचारियों ने पहले आवेदन का पंजीयन कराया फिर मांग पत्र सौंपा। डी.ए. मांग करने वालों में अमित चंद्राकर, अखिलेश वर्मा, बृजेन्द्र परिहार, जगरनाथ कुशवाहा, संजय वर्मा, महेश टंडन, सुरेश देवांगन, शालिनि गुरऊ, हीरामणी चंद्राकर, विवेक रंगनाथ आदि शामिल थे।

**आज शिविर तालपुरी बी ब्लॉक क्लब हाऊस में-** बुधवार को जनसमस्या निवारण शिविर तालपुरी बी ब्लॉक क्लब हाऊस में लगाया जाएगा। इस शिविर में वार्ड-1 तालपुरी के नागरिक समस्या मूलक आवेदन कर सकते है।

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग**

-:: ईश्तहार:-

(रा.प्र.क202408101000006 अ/6 वर्श 2023-24)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती स्वाति सिंह पति अजीत निवासी ढाचा भवन कैलाश नगर कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.नं. 46 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा 1384/2 रकबा 0.01 हे./1200 वर्गफीट भूमि को रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर दिनांक 02.02.2021 के आधार पर विकेता श्री अमर सिंग पिता स्व. जयनाथ निवासी केम्प 01 भिलाई से क्रय किया है, कि रजिस्ट्री बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने बाबत् आवेदन पत्र मय बैनामा की छाया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि को पंजीयन के आधार पर नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 27/08/2024 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 01/08/2024 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202407101000068**

**विषयः अ-6 मामले की श्रेणी:राजस्व सन 2023-24 कुरूद प.ह.न. 00046 [ 1420/7( 0.0200हे0 ) ] पक्षकारों का विवरण - आवेदक पक्षकार प्रभा रामटेके, अनावेदक पक्षकार - अलखराम सिन्हा,**

ईश्तहार

आवेदक - प्रभा रामटेके पिता/पति/विभाग-स्व. कुसुन रामटेके पता-कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम- कुरूद प.ह.न. 46 रा.नि.म. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.न. 1420/7 रकबा 0.02 हे. है कुमारी परणिता कुसन रामटेके आ. स्व. कुसन रामटेके के नाम पर दर्ज है। भूमिस्वामी कुमारी परणिता कुसन रामटेके आ. स्व. कुसन रामटेके की मृत्यु दिनांक 22.2.2022 को हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर उसके वैध वारिसनो का नाम दर्ज किये जाने हेतु फौती नामांतरण बाबात आवेदन पत्र मय खसरा बी. I, मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 22/08/2024 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयवधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा!

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 09/07/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

अतिरिक्त तहसीलदार
भिलाई नगर

स्वामित्वधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक रोहित खड़तकर द्वारा समय दर्शन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स ग्राम छाटा, पोस्ट देवादा, तहसील पाटन, जिला दुर्ग (छ.ग.), पिन-491111 से मुद्रित कर 65/1920, परशुराम नगर प्रोफेसर कालोनी, रायपुर (छ.ग.) पिन- 492001 से प्रकाशित। संपादक :- दामोदर राव, फोन नं.-0771-4218364, मो. 9303404360, ईमेल- samaydarshanraipur@gmail.com, RNI: CHHHIN/2018/76878, डाक पंजीयन /रायपुर संभाग/63/2022-24



श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री

# मोर सपना, मोर विकसित छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ शासन
सत्यमेव जयते

# अमृत काल
# छत्तीसगढ़ विजन 2047

*विकसित राज्य की ओर एक पहल*



श्री विष्णु देव साय
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

छत्तीसगढ़ के विकास के लिए अपने सुझाव एवं विचार
राज्य नीति आयोग के नागरिक पोर्टल
पर QR कोड स्कैन कर साझा करें

Samwad Ro : 41062/1

हमने बनाया है, हम ही सँवारेंगे

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprcg.gov.in

छत्तीसगढ़ जनसंपर्क